
RNI NO. PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS



मैं वापस आऊंगा को लेकर चर्चाओं में : शरवरी वाघ

पेज 07

VOL: 03 | ISSUE 138 | THURSDAY DATE 11-06-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## संक्षिप्त खबरें



### उरी सेक्टर में उपकरणों के रख-रखाव में ग्रेनेड फटा, दो जवान शहीद

**बारामूला, यूटर्न/ 10 जून ।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में मंगलवार को उपकरणों के रख-रखाव के दौरान एक हैंड ग्रेनेड फट गया। इस दर्दनाक हादसे में भारतीय सेना के दो जवान शहीद हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने इस घटना की पुष्टि की है। बलिदानी जवानों की पहचान महाराष्ट्र के ऐरोली के रहने वाले चव्हाण विक्रम बालकृष्ण और महाराष्ट्र के सतारा जिले की कराड तहसील के शाहपुर के रहने वाले अर्जुन जाधव राजेंद्र के तौर पर हुई है। सैन्य अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक यह हादसा उरी सेक्टर के कमलकोट स्थित सेना के एक शिविर में हुआ। शिविर में सैन्य उपकरणों और हथियारों के नियमित हस्तांतरण का काम चल रहा था। इसी दौरान एक हैंड ग्रेनेड अचानक डिफ्यूज होने के बजाय फट गया। विस्फोट की चपेट में आने से ड्यूटी पर तैनात दो जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। धमाके के तुरंत बाद शिविर में अफरा-तफरी मच गई। साथी जवानों और अधिकारियों ने बिना वक्त गंवाए दोनों घायल जवानों को तुरंत वहां से निकाला और अस्पताल ले गए। हालांकि, चोटें इतनी गंभीर थीं कि अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने दोनों जवानों को मृत घोषित कर दिया। सैन्य और स्थानीय पुलिस अधिकारियों के मुताबिक इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के संबंध में कानून के तहत आवश्यक कानूनी और जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। हादसे के सही कारणों का पता लगाने के लिए आंतरिक जांच भी की जा रही है।

### महिलाओं को योगी का तोहफा: मुफ्त आवास और स्वास्थ्य सुरक्षा की तैयारी




**लखनऊ, यूटर्न/ 10 जून ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश की महिलाओं को सशक्त और सुरक्षित बनाने के लिए एक बेहद महत्वाकांक्षी योजना पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कड़े निदेर्शों के बाद, राज्य में संकटग्रस्त और पात्र महिलाओं को मुफ्त आवास तथा बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ने की कवायद तेज हो गई है। इस पहल के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का सीधा लाभ इन महिलाओं को दिया जाएगा। इसके लिए महिला कल्याण विभाग ने जमीनी स्तर पर लाभार्थियों का विस्तृत डाटा जुटाना शुरू कर दिया है ताकि प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जा सके। सरकार की इस विशेष योजना का मुख्य उद्देश्य उन महिलाओं को जीवन में एक नई शुरूआत करने का अवसर देना है, जो सामाजिक या पारिवारिक संकटों के कारण असुरक्षित और कठिन परिस्थितियों में रहने को मजबूर हैं।

# मोदी नेतृत्व में विकास को नई गति : रेखा गुप्ता



**» नयी दिल्ली, यूटर्न/ 10 जून ।**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 12 वर्षों में विकास, सुशासन, सेवा और राष्ट्र गौरव के नए आयाम स्थापित किये हैं। श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर मुख्यमंत्री ने बुधवार को यहां किशनगंज स्थित पिंजरापोल गौशाला पहुंचकर विशेष पूजा-अर्चना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राष्ट्र की उन्नति, समृद्धि और प्रधानमंत्री के स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की मंगल कामना की और गौ सेवा में भी सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 12 वर्षों में विकास, सुशासन, सेवा और राष्ट्र गौरव के नए आयाम स्थापित किए हैं। आज केवल जनप्रतिनिधि ही नहीं, बल्कि देश के करोड़ों नागरिक प्रधानमंत्री के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की लगभग प्रत्येक योजना के केंद्र में महिला सशक्तीकरण की भावना दिखाई देती है। करोड़ों शौचालयों के निर्माण से महिलाओं को सम्मान मिला, वहीं 'उज्ज्वला योजना' ने माताओं और बहनों के जीवन से धुएं की परेशानी दूर कर उनके जीवन को अधिक सुगम बनाया है।

साथ ही 'मुद्रा योजना', 'पीएम स्वनिधि' और 'ड्रोन दीदी' जैसी दूरदर्शी पहलों के माध्यम से देश की लाखों महिलाओं और युवतियों को उद्यमिता और स्वरोजगार के नए अवसर मिले हैं। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि देश की आधी आबादी की ओर से वह प्रधानमंत्री का कोटि-कोटि धन्यवाद करती हैं।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि श्री मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत 'विकसित राष्ट्र' बनने के अपने लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त करेगा।

उन्होंने दोहराया कि प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूलमंत्र से प्रेरणा लेकर दिल्ली सरकार भी 'विकसित दिल्ली' के संकल्प को साकार करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री गुप्ता ने प्रधानमंत्री के समर्पण को सभी के लिए प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा को समर्पित किया है। देश की सेवा का सबसे लंबा कार्यकाल पूरा करने के दौरान उन्होंने बिना किसी अवकाश के निरंतर राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उनके विजन के कारण ही आज भारत वैश्विक मंच पर सशक्त, आत्मविश्वासी और निर्णायक राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है।

## जनसेवा ही सुशासन की सबसे बड़ी कसौटी: मोदी

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 जून ।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। वह देश में सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए हैं। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सुशासन और जनसेवा को अपना मूल मंत्र बताया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए अपने विशेष संदेश में उन्होंने लिखा, जनसेवा ही सुशासन की सबसे बड़ी कसौटी है। विनम्रता, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के साथ निरंतर कार्य करने वाला व्यक्ति ही जनविश्वास अर्जित करता है। इसके साथ ही उन्होंने शासन के प्राचीन आदर्शों को रेखांकित करते हुए एक संस्कृत सुभाषितम् भी साझा किया- सदानुरक्तप्रकृतिः प्रजापालनतत्परः। विनीतात्मा हि नृपतिर्भूयसी श्रियमश्नुते। इस श्लोक का गहरा अर्थ समझाते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि जो जनप्रतिनिधि सेवा को अपना परम धर्म मानकर निरंतर जनहित में कार्य करता है, सुशासन के माध्यम से जनता की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करता है तथा विनम्रता व संयम के साथ विकास को लक्ष्य बनाकर समाज की उन्नति के लिए समर्पित रहता है, वास्तव में वही जनविश्वास, यश और समृद्धि प्राप्त करता है। बता दें कि प्रधानमंत्री के तौर पर नरेंद्र मोदी का यह लगातार तीसरा कार्यकाल है, जिसके दौरान उन्होंने 4,399 दिनों तक पद पर बने रहकर सबसे लंबे निरंतर कार्यकाल का एक अभूतपूर्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है।

## मोदी कैबिनेट में फेरबदल की संभावना, राघव चड्ढा की एंट्री की अटकलें

**राज्यसभा चुनाव से पहले राजनीतिक हलचल बढ़ी; 10-12 मंत्रियों के विभाग बदलने और कुछ मंत्रियों के बाहर होने की चर्चा**

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 जून ।**



राज्यसभा चुनाव के नतीजों से पहले केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में संभावित मंत्रिमंडल फेरबदल को लेकर राजनीतिक गलियारों में चचाएं तेज हो गई हैं।

हालांकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) या भारतीय जनता पार्टी की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन विभिन्न राजनीतिक और मीडिया हलकों में बड़े बदलावों की संभावनाएं जताई जा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार आगामी फेरबदल में कुछ मौजूदा मंत्रियों को संगठन में जिम्मेदारी दी जा सकती है, जबकि चुनावी दृष्टि से महत्वपूर्ण राज्यों को ध्यान में रखते हुए नए चेहरों को मंत्रिपरिषद में शामिल किया जा सकता है। खासकर पंजाब को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हैं, जहां भाजपा संगठन को मजबूत करने की दिशा में सक्रिय दिखाई दे रही है। इसी बीच सबसे अधिक चर्चा राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा के नाम को लेकर हो रही है। मीडिया रिपोर्टों में दावा किया जा रहा है कि आम आदमी पार्टी से जुड़े राघव चड्ढा को केंद्र सरकार में जिम्मेदारी मिल सकती है। हालांकि इस संबंध में न तो राघव चड्ढा और न ही किसी राजनीतिक दल की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि की गई है।

## पूर्व जज को धमकी पर सीजेआई सख्त, सुरक्षा सुनिश्चित करें

**दाऊदी बोहरा समुदाय से जुड़े फैसले के बाद मिल रही धमकियों का मामला**

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 जून ।**



बॉम्बे हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस गौतम पटेल को उनके एक न्यायिक फैसले के संबंध में मिल रही धमकियों के मामले ने अब गंभीर रूप ले लिया है। इस मुद्दे पर देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने संज्ञान लेते हुए जस्टिस पटेल और उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने की अपील की है। बताया गया है कि सीजेआई ने अपने आधिकारिक ब्रिटेन दौरे के दौरान लंदन स्थित भारतीय उच्चायुक्त के समक्ष यह मामला उठाया और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता व्यक्त की।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मामला सामने आते ही सीजेआई सूर्यकांत ने लंदन में भारत के उच्चायुक्त पी. कुमारन से संपर्क किया। भारतीय उच्चायोग ने जस्टिस पटेल और उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है। साथ ही लंदन पुलिस द्वारा भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाए जाने की जानकारी दी गई है। सीजेआई ने बॉम्बे हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश को भी इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## गाजियाबाद के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में मिला पोलियोवायरस, स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप, 107 टीमें घर-घर जाकर करेंगी जांच

**» गाजियाबाद, यूटर्न/ 10 जून ।**



भारत के पोलियो मुक्त अभियान को एक बड़ा झटका लगा है। गाजियाबाद के डूंडाहेड़ा स्थित एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) से लिए गए दूषित पानी के नमूने की जांच में वैक्सीन-व्युत्पन्न पोलियोवायरस (वीडीपीवी) टाइप-1 की पुष्टि हुई है। इस चौंकाने वाली रिपोर्ट के सामने आते ही स्थानीय स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया है। आनन-फानन में प्रशासन ने अलर्ट जारी करते हुए शहरी क्षेत्र की 12 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) के तहत 107 टीमों को तैनात किया है, जो घर-घर जाकर बच्चों की सेहत की जांच करेंगी और उन्हें पोलियो ड्रॉप्स पिलाएंगी।

दरअसल, स्वास्थ्य विभाग द्वारा पोलियोवायरस की नियमित निगरानी के लिए हर महीने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के दूषित पानी का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा जाता है। इसी प्रक्रिया के तहत हाल ही में डूंडाहेड़ा एसटीपी से भी सैंपल लेकर दिल्ली की प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया था। सोमवार को विभाग को प्राप्त हुई इस जांच रिपोर्ट ने अधिकारियों की चिंता बढ़ा दी, क्योंकि इसमें वीडीपीवी टाइप-1 वायरस सक्रिय पाया गया। रिपोर्ट मिलते ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) सभागार में आपात बैठक बुलाई गई, जिसमें पीएचसी प्रभारियों ने वायरस के स्रोत और इसके नियंत्रण पर गहन मंथन किया।

बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, चिन्हित किए गए क्षेत्रों में आशा, एएनएम और स्वास्थ्य कर्मियों की 107 टीमें डोर-टू-डोर सर्वे करेंगी। ये टीमें शून्य से पांच साल तक के बच्चों की सेहत की बारीकी से जांच करेंगी ताकि किसी भी संभावित संक्रमण को समय रहते पकड़ा जा सके।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# सीआईएसएफ ने ड्रग्स की तस्करी को किया नाकाम, 4.411 किलो हशीश जब्त

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 जून ।**

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने आईजीआई एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 के इंटरनेशनल डिपार्चर एरिया में संदिग्ध साइकोट्रोपिक पदार्थ (नशीला पदार्थ) जब्त किया है। चेक-इन एरिया में सीआईएसडब्ल्यू टीम की रूटीन निगरानी और व्यवहार की जांच (बिहेवियरल प्रोफाइलिंग) के दौरान, शारजाह होते हुए अम्मान जाने वाले एक यात्री की पहचान उसके संदिग्ध व्यवहार के आधार पर की गई और उसे एक्स-बीआईएस गेट नंबर 05 पर रैंडम स्क्रीनिंग के लिए चुना गया। यात्री



के सामान की स्क्रीनिंग के दौरान एक्स-बीआईएस मॉनिटर पर एक संदिग्ध तस्वीर दिखी, जिसके बाद सामान की बारीकी से शारीरिक जांच की जरूरत महसूस हुई।

अच्छी तरह जांच करने पर सामान में रखे नए कपड़ों के अंदर छिपाकर रखे गए कई पैकेट मिले, जिनमें नशीला/साइकोट्रोपिक पदार्थ होने का शक था। मामले की जानकारी तुरंत नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी), दिल्ली जोन को दी गई। एनसीबी की टीम एयरपोर्ट पहुंची और जब्त किए गए पदार्थ का फील्ड ड्रग टेस्ट किया। टेस्ट में हशीश (चरस) की पुष्टि हुई, जो एनपीडीएस एक्ट, 1985 के प्रावधानों के तहत आने वाला एक साइकोट्रोपिक पदार्थ है। जब्त किए गए पदार्थ में कुल 20 पैकेट थे, जिनका कुल वजन 4.411 किलोग्राम था। पुष्टि होने के बाद एनसीबी टीम ने सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी कीं और जब्ती सूची-सह-पंचनामा तैयार किया। इसके बाद एनसीबी टीम आरोपी और जब्त किए गए सामान को लेकर एयरपोर्ट से रवाना हो गई, ताकि एनसीबी दिल्ली जोन ऑफिस में आगे की कार्रवाई की जा सके।

यह सफल कार्रवाई आईजीआई एयरपोर्ट के जरिए नशीले और साइकोट्रोपिक पदार्थों की तस्करी को रोकने में बिहेवियरल प्रोफाइलिंग, स्क्रीनिंग के तरीकों और अलग-अलग एजेंसियों के बीच तालमेल की प्रभावशीलता को दिखाती है।

## संक्षिप्त खबरें

### मिष्ठान भंडार की चिमनी में लगी आग

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 10 जून ।** वसुंधरा सेक्टर पांच स्थित निहाल स्वीट्स की चिमनी में मंगलवार दोपहर अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। हालांकि कर्मचारी दुकान से बाहर निकल गए थे। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि आग की सूचना मिली तो वाटर टेंडर के साथ टीम मौके पर पहुंची। आग चिमनी में लगी हुई थी। धुएं की वजह से अफरा-तफरी का माहौल बन गया था।

### सुरक्षा कर्मी के 20 पदों को भरने के लिए आज होगा भर्ती शिविर का आयोजन : जिला रोजगार अधिकारी रितु चहल

» **निर्मल सिंह विर्क**

पानीपत, यूटर्न/ 10 जून । जिला रोजगार अधिकारी रितु चहल ने जानकारी देते हुए बताया कि आज वीरवार को रोजगार विभाग द्वारा सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड कम्पनी (एस.आई.एस) के माध्यम से सुरक्षा कर्मी के 20 पदों को भरने के लिए पानीपत जिले में भर्ती शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्राप्त रिक्तियों के विरुद्ध साक्षात्कार हेतु इच्छुक युवाओं को पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि 11 जून वीरवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक जिला सचिवालय स्थित जिला रोजगार विभाग, चतुर्थ तल, कमरा नम्बर - 420 में यह भर्ती शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक युवा अपनी शैक्षणिक योग्यता, न्यूनतम दसवीं पास और जिनकी उम्र 19 से 40 साल, लम्बाई 168 सेंटीमीटर और वजन 54 से 95 किलो तक हो अपने सभी सम्बंधित दस्तावेजों, पासपोर्ट साइज फोटो और रोजगार पंजीकरण संख्या सहित सहित उक्त स्थल पर समय अनुसार पंहुचकर भर्ती शिविर का लाभ उठा सकते हैं।



# साउथ ईस्ट दिल्ली में पुलिस से मुठभेड़ में बदमाश घायल, चोरी, डकैती समेत 17 केस दर्ज

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 जून ।** साउथ ईस्ट दिल्ली में देर रात एएटीएस की टीम और एक शातिर बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में पुलिस ने आरोपी को पैर में गोली मारकर काबू कर लिया। बदमाश ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर भागने की कोशिश की थी, जिसके जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई। पुलिस के अनुसार, मंगलवार देर रात एएटीएस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि गोविंदपुरी थाना क्षेत्र का घोषित बदमाश सोनू मूलचंद मेट्रो स्टेशन के आसपास आ रहा है। सूचना पर एएटीएस टीम ने मूलचंद मेट्रो स्टेशन से लेडी श्रीराम कॉलेज के पीछे वाली गली के पास ट्रैप लगाया। जैसे ही सोनू अपनी बाइक पर वहां पहुंचा, पुलिस टीम ने उसे रुकने और सरेंडर करने का आदेश दिया, लेकिन बदमाश ने तुरंत पुलिस पर फायरिंग कर दी और भागने की कोशिश की। पुलिस कांस्टेबल अक्षय ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की और दो फायर किए। एक गोली आरोपी सोनू के दाहिने पैर में लग गई, जिससे वह मौके पर ही गिर गया। पुलिस टीम ने तुरंत उसे काबू में कर लिया। गिरफ्तार बदमाश सोनू पर सेंधमारी, डकैती, चोरी और अन्य गंभीर अपराधों समेत कुल 17 आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह गोविंदपुरी पुलिस थाने का घोषित बदमाश है और लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। मुठभेड़ के बाद घायल सोनू को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

# दौलतपुर मार्ग पर एक अवैध कॉलोनी में बने निर्माण कार्य को जेसीबी से किया ध्वस्त

## किसी अवैध कॉलोनी में प्लाट वगैरह खरीद कर अपनी जमा पूंजी का निवेश न करें : दिनेश कुमार

» **हरियाणा, यूटर्न/ 10 जून ।**

जिला नगर योजनाकार विभाग ने बरवाला शहर के दौलतपुर मार्ग पर स्थित एक अवैध कॉलोनी में बने निर्माण कार्य को जेसीबी चलाकर ध्वस्त कर दिया गया है। यह कार्रवाई डीटीपी दिनेश कुमार के नेतृत्व में की गई और ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में खंड कृषि अधिकारी श्याम बिहारी मौजूद रहे। किसी अप्रिय घटना के बचाव हेतु मौके पर काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।





डीटीपी दिनेश कुमार ने बताया कि दौलतपुर मार्ग पर लगभग 5-6 एकड़ में एक अवैध कॉलोनी में बने निर्माण कार्य, भरी हुई नीवों व कच्ची पक्की सड़कों को जेसीबी से तहस नहस किया गया। इस कार्रवाई के दौरान किसी ने भी ऐतराज वगैरह नहीं किया। इस संबंध में कॉलोनाइजरों को नोटिस वगैरह दिए गए थे परंतु वे कॉलोनाइजर अपनी हरकतों से बाज नहीं आए और इस अवैध कॉलोनी में अपना निर्माण कार्य जारी रखा। इससे पूर्व भी इसी अवैध कॉलोनी में जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा कई बार जेसीबी चला कर भरी हुई नीवों, कच्ची पक्की सड़कों को क्षतिग्रस्त किया जा चुका है। डीटीपी दिनेश कुमार ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वो कालोनाइजरों के लोभ लुभावने झांसो में ना आए और किसी अवैध कॉलोनी में प्लाट वगैरह खरीद कर अपनी मेहनत से कमाई गई जमा पूंजी का निवेश ना करे। किसी अवैध कॉलोनी कटने की सूचना तुरंत जिला नगर योजनाकार विभाग को दे। ताकि अवैध कालोनी काटने वाले कालोनाइजरों के खिलाफ जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा कार्रवाई की जा सके। इस अवसर पर जेई अमन भी मौजूद रहे।

# मकान मालिक पर बंधक बनाकर किशोरी से दुष्कर्म का आरोप

**मोदीनगर, यूटर्न/ 10 जून ।** नगर के एक गांव में मकान मालिक पर 16 वर्षीय किशोरी को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। किशोरी की मां ने थाने में घटना की तहरीर दी है और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के बताया कि वह अपनी बेटी के साथ किराए पर रहती हैं। बीते दिनों उनकी बेटी की तबीयत खराब हो गई थी। उस दौरान मकान मालिक ने उनकी मदद की और उनके कमरे में आना-जाना हो गया। आरोप है कि आरोपी मकान मालिक ने उनकी बेटी को बंधक बनाकर कई बार दुष्कर्म किया। आरोपी किशोरी को अपने साथ ही रख रहा है।

# सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ पुलिस का विशेष अभियान, 193 लोगों पर कार्रवाई



**नोएडा, यूटर्न/ 10 जून ।** पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर के निर्देशन में जिले भर में सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 9 जून को सेंट्रल नोएडा और नोएडा जोन पुलिस द्वारा व्यापक कार्रवाई करते हुए कुल 193 व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की गई। पुलिस द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, सेंट्रल नोएडा जोन में डीसीपी सेंट्रल नोएडा शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं एडीसीपी सेंट्रल नोएडा स्वतंत्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में थाना सेक्टर-63 पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करते पाए गए 66 व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 292 के अंतर्गत कार्रवाई की गई। वहीं दूसरी ओर, नोएडा जोन में डीसीपी नोएडा साद मिया खान एवं एडीसीपी नोएडा मनीषा सिंह के नेतृत्व में थाना सेक्टर-39 और थाना फेस-1 पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान संचालित किया।

# दिल्ली में घर से पानी के दो मोटर चोरी, घटना के 29वें दिन कोर्ट ने दो दोषियों को सुनाई सजा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 जून ।**

दिल्ली के पालम विलेज थाना क्षेत्र में दर्ज चोरी के मामले में अदालत ने घटना के मात्र 29 दिनों के भीतर दो लोगों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। खास बात यह है कि गिरफ्तारी के 11वें दिन और ट्रायल शुरू होने के केवल 6 दिन के भीतर ही यह फैसला आ गया। यह मामला 12 मई 2026 को दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार, राज नगर-2 इलाके के एक घर से पानी के दो मोटर चोरी कर लिए गए थे। मामले की जांच पालम विलेज थाने के एसआई नित्यानंद को सौंपी गई। उन्होंने स्थानीय स्तर पर पूछताछ, तकनीकी विश्लेषण और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने में सफलता हासिल की। जांच के दौरान 30 मई 2026 को दो आरोपियों प्रिंस, निवासी भारत विहार, दिल्ली और गौतम उर्फ शंकर, निवासी महावीर एन्क्लेव पार्ट-3, नई दिल्ली को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों ने चोरी की वारदात में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी किया गया एक मोटर, वारदात में इस्तेमाल औजार और अपराध को अंजाम देने में प्रयुक्त स्कूटर बरामद किया।

पुलिस के अनुसार, मामले की जांच को मजबूत तकनीकी और वैज्ञानिक साक्ष्यों का





समर्थन मिला। इनमें सीसीटीवी फुटेज, चोरी किए गए सामान की बरामदगी, अपराध में प्रयुक्त उपकरण, वाहन की जब्ती और अन्य दस्तावेजी प्रमाण शामिल थे। इन ठोस साक्ष्यों के आधार पर 4 जून 2026 को अदालत में मजबूत चार्जशीट दाखिल की गई।

मामले की सुनवाई द्वारका कोर्ट के न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी) सौरभ गोयल की अदालत में हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक (एपीपी) विकास खर्ब और सुधांशु सैनी ने प्रभावी ढंग से पक्ष रखा, जिसके परिणामस्वरूप अदालत ने 9 जून 2026 को दोनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। इस मामले को पालम विलेज थाने के एसएचओ इंस्पेक्टर सुधीर कुमार गुलिया के नेतृत्व तथा एसीपी दिल्ली कैंट अनिल कुमार की निगरानी में सफलतापूर्वक सुलझाया गया।

# ग्रेटर नोएडा में तेज आंधी-तूफान का कहर, निमार्णाधीन मकान की दीवार गिरने से मची अफरा-तफरी

» **ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 10 जून ।**

ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में आए तेज आंधी-तूफान ने बुधवार को भारी तबाही मचाई। रबूपुरा क्षेत्र में एक निमार्णाधीन मकान की दीवार अचानक भरभराकर पड़ोस के मकान पर गिर गई, जिससे वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हादसे में पड़ोसी मकान की छत का एक हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया।



हालांकि, राहत की बात यह रही कि घटना के समय मकान के अंदर मौजूद लोगों ने समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली और कोई जनहानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार रबूपुरा क्षेत्र में एक मकान की तीसरी मंजिल पर निर्माण कार्य चल रहा था। इसी दौरान अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी-तूफान शुरू हो गया। तेज हवाओं के दबाव के चलते निमार्णाधीन हिस्से की एक दीवार संतुलन खो बैठी और बगल में बने मकान पर जा गिरी। दीवार गिरने की आवाज सुनते ही आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दीवार गिरते ही पड़ोसी मकान की छत का एक हिस्सा भी ढह गया। उस समय मकान के अंदर परिवार के कई सदस्य मौजूद थे। जोरदार आवाज और कंपन महसूस होने पर सभी लोग तत्काल घर से बाहर निकल आए। कुछ ही क्षण बाद दीवार और मलबा मकान पर आ गिरा। यदि परिवार के सदस्य समय रहते बाहर नहीं निकलते तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। लोगों ने राहत और बचाव कार्य में सहयोग करते हुए मलबे की जांच की तथा यह सुनिश्चित किया कि कोई व्यक्ति उसके नीचे न दबा हो। हादसे में दोनों मकानों को नुकसान पहुंचा है, लेकिन किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

# मनाली में लगेगा एम डब्ल्यू बी का अकट्रेनिंग कैंप

### हिमाचल के सी एम सुक्खू ने दी मुख्यातिथि बनने की स्वीकृति

» राजेश सलूजा




हरियाणा, यूटर्न/ 10 जून । मीडिया वेलबीइंग एसोसिएशन (एमडब्ल्यूबीए) का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम एक विस्तृत मांग पत्र सौंपते हुए राज्य के पत्रकारों को हरियाणा की तर्ज पर पेंशन, स्वास्थ्य सुविधाएं, दुर्घटना बीमा तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किए जाने की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व मीडिया वेलबीइंग एसोसिएशन के उत्तर भारत के अध्यक्ष चंद्रशेखर धरणी ने किया। उनके साथ संगठन के महासचिव सुरेंद्र मेहता, कोषाध्यक्ष तरुण कपूर, हिमाचल प्रभारी संजय भूटानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन चोपड़ा तथा संगठन सचिव मेवा सिंह राणा भी मौजूद रहे।

साथ में हिमाचल एम डब्ल्यू बी के अध्यक्ष विशाल सूद भी मौजूद रहे।सी एम सुक्खू से एम डबल्यू बी के प्रतिनिधि मंडल को प्रधान मीडिया एडवाइजर नरेश चौहान ने मिलवाया।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के समक्ष पत्रकारों की समस्याओं और उनकी सामाजिक सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।

मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में कार्य करने वाले पत्रकार समाज और सरकार के बीच महत्वपूर्ण कड़ी की भूमिका निभाते हैं। विषम परिस्थितियों में भी पत्रकार जनता तक सही और सटीक जानकारी पहुंचाने का कार्य करते हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें पर्याप्त सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी सुविधाएं नहीं मिल पातीं।



# प्रधानमंत्री कायाकर्ल के 12 वर्ष पूरे होने पर शिव मंदिर में हवन यज्ञ कर प्रसाद वितरित किया

» निर्मल सिंह विर्क

पानीपत, यूटर्न/ 10 जून । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष कार्यकाल पूरे होने पर मूनक के शिव मंदिर में हवन यज्ञ किया। सभी ने प्रसाद ग्रहण किया । सभी ने प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य व लंबी उम्र की कामना की और भगवान से प्रार्थना की कि मोदी जी हमारे प्रधानमंत्री सैकड़ो वर्ष रहे। उनके अपने देश के लिए सेवा ,सुशासन और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रधानमंत्री का योगदान है। नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री होना हमारे देश के लिए गर्व की बात है। भारत माता के नारे लगाए गए । इस दौरान मार्केट कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण राणा ,अस सी मोर्चा के जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश, बल्ला मंडल अध्यक्ष जय भगवान जांगड़ा, ब्लॉक के वाइस चेयरमैन अजय कुमार,सरपंच गौरव राणा, मुकेश शर्मा,जस्सा पाल, गोपाल राणा, विनोद गोरिया, जगन्नाथ बाजवा, बुधराज पंच, अमीर चंद बाजवा, रणधीर, विनोद गोरिया, रघुवीर कश्यप सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

# साहिल सुधा के नेतृत्व में भाजपा युवा मोर्चा ज्योतिसर मंडल की मासिक बैठक संपन्न



» परमिंदर सिंह

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 10 जून । भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा, जिला कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष साहिल सुधा ने आज ज्योतिसर मंडल की मासिक बैठक ली। बैठक के दौरान संगठन की गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों तथा विभिन्न जनहित एवं संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर साहिल सुधा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सफल नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर उनकी विभिन्न जनकल्याणकारी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा, आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण तथा गरीब कल्याण के क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की है।

उन्होंने कार्यकताओं से सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया।

बैठक के उपरांत साहिल सुधा ने स्वच्छ भारत अभियान का संदेश देते हुए सफाई अभियान में भी भाग लिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। सभी को अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास करने चाहिए।

इस अवसर पर प्रदेश सह-संयोजक बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ श्रषिपाल मथाना, जिला उपाध्यक्ष सतपाल मास्टर, ज्योतिसर मंडल के कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण कुमार, महामंत्री नोरंग सरपंच, उपाध्यक्ष बलदेव सरपंच, तरसेम, मोनू शर्मा, राजकुमार, निकेश लाम्बा, भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष चरणजीत सिंह तथा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामपाल सैनी सरपंच संजीव जोगना खेड़ा, ड़ा. राजेश बहादूरपुरा सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## श्री श्याम मंदिर के गर्भगृह के निर्माण कार्य के लिए हुआ पूजन

# श्याम भक्तों ने श्रद्धा से पूजन में भाग लिया

**अश्विनी वालिया/कुरुक्षेत्र,यूटर्न/ 10 जून ।** श्री श्याम मंदिर कमेटी कुरुक्षेत्र धाम अमीन रोड के तत्वाधान में बुधवार को श्री श्याम मंदिर के गर्भगृह एवं कार्यालय का लेंटर डाला गया। श्याम भक्तों ने लेंटर से पहले पूजन में भाग लिया। जिसमे पूजन यजमान ललित मोहन, सुभाष गुप्ता, जसविन्द्र मांधरा, देवेंद्र आहूजा, प. सिया राम शास्त्री द्वारा पूजन करवाया गया कइस अवसर पर प्रधान विनय गुप्ता, उपप्रधान सुदेश मालिक, सचिव प्रदीप वर्मा, कोषाध्यक्ष राहुल सिंगला, (ट्रस्टी) सुरेन्द्र गिरधर, जगदीश चौहान, पवन मित्तल, सुरेश सिंगला, महेंद्र कुमार, देवेंद्र आहूजा, विवेक ढींगरा, अभय जिंदल, अमित जिंदल, सोनू बठला, प्रवीण कुमार, सतीश सैनी इत्यादि श्याम प्रेमी मौजूद रहे। प्रधान विनय गुप्ता ने बताया कि मंदिर का निर्माण बाबा के आशीर्वाद एवं सभी श्याम प्रेमियों के सहयोग शीघ्र अति शीघ्र पूरा होगा।

# ग्रामीण स्वरोजगार और कौशल प्रशिक्षण के जरिए युवाओं को सशक्त बनाने का संकल्प

» निर्मल सिंह विर्क



पानीपत, यु-टर्न 10 जून। पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (पीएनबी आरसेटी) को नया नेतृत्व मिल गया है। दिलबाग सिंह ने संस्थान के निदेशक के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर आगामी कार्य योजनाओं पर चर्चा की। इस अवसर पर संस्थान के सहायक अनिल कुमार एवं नरेंद्र मलिक ने बुके भेंट कर नए निदेशक का स्वागत किया।

नवनियुक्त निदेशक दिलबाग सिंह ने कहा कि उनकी प्राथमिकता जिले के ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं को रोजगारपरक तथा गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराना होगी। उन्होंने कहा कि पीएनबी आरसेटी पानीपत भारत सरकार एवं पंजाब नेशनल बैंक द्वारा निर्धारित सभी लक्ष्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

उन्होंने कहा कि संस्थान के पास अनुभवी, कुशल एवं समर्पित स्टाफ मौजूद है, जिनके सहयोग और मार्गदर्शन से संस्थान न केवल अपने सभी लक्ष्यों को समय पर पूरा करेगा, बल्कि सफलता के नए आयाम भी स्थापित करेगा। उन्होंने कर्मचारियों को संस्थान की रीढ़ बताते हुए टीम वर्क की भावना से कार्य करने का आह्वान किया।

दिलबाग सिंह ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण प्रदान करना नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देकर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। आरसेटी के माध्यम से विभिन्न ट्रेडों में निःशुल्क प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाता है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद युवाओं को बैंकों से ऋण सुविधा (क्रेडिट लिंकेज) दिलाने में भी सहायता की जाती है, ताकि वे अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर सकें। उन्होंने बताया कि जिले के दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद युवाओं को आरसेटी की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी, ताकि कोई भी पात्र उम्मीदवार इस निःशुल्क प्रशिक्षण सुविधा से वंचित न रहे।

निदेशक ने संस्थान के समस्त कर्मचारियों से पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं टीम भावना के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से पीएनबी आरसेटी पानीपत को कौशल विकास के क्षेत्र में जिले की अग्रणी संस्था बनाया जाएगा। बैठक में संस्थान के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# एंटी रैगिंग एवं महिला सुरक्षा जागरूकता विषय पर नेशनल कॉलेज ऑफ आयुर्वेद में विशेष अतिथि व्याख्यान आयोजित



» **हरियाणा, यूटर्न/ 10 जून ।**

नेशनल कॉलेज ऑफ आयुर्वेद एवं अस्पताल, ढाणी गारण रोड, बरवाला, हिसार में दिनांक 09 जून 2026 को एंटी रैगिंग सेल एवं कैश (उअरल) समिति के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में महिला सुरक्षा, कानूनी जागरूकता, साइबर अपराधों से बचाव तथा रैगिंग निषेध के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि सुश्री प्रिया शर्मा, डीएसपी (यूटी) एवं एसएचओ, आदमपुर रहीं। अपने संबोधन में उन्होंने छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनों, साइबर अपराधों के बढ़ते खतरों, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा युवाओं की सामाजिक जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने, अनुशासन का पालन करने तथा किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि सुश्री प्रिया शर्मा द्वारा संस्थान परिसर में पौधारोपण भी किया गया।

## पाक आतंकियों को कोर्ट में पेश किया गया पेश, बड़े शहरों में हमले की थी साजिश

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 जून ।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और मुंबई अंडरवर्ल्ड से जुड़े 4 आतंकियों को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया। पुलिस कस्टडी पूरी होने के बाद इन आतंकियों को पटियाला हाउस कोर्ट मे पेश किया गया।

आरोप है कि ये संदिग्ध आतंकी देश की राजधानी को दहलाने की साजिश रच रहे थे। इनका मकसद दिल्ली, मुंबई समेत बड़े शहरों में आतंकी हमला करने का था। गिरफ्तार किए गए संदिग्ध आतंकी दिल्ली, मुंबई और पंजाब से हैं। कुछ लोग विदेशी भी हैं। पकड़े गए लोगों का मुंबई अंडरवर्ल्ड से भी कनेक्शन सामने आया है।

सभी गिरफ्तार संदिग्ध आतंकी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर भारत में हमला करने की साजिश रच रहे थे। कोर्ट में जिन आतंकियों के पेश किया गया, उनके नाम आंग कामी लामा (काठमांडू), हरविंदर सिंह (लुधियाना), गगनदीप सिंह




(लुधियाना) और मंजीत सिंह (लुधियाना) शामिल हैं।

इससे पहले आरोपी हरविंदर सिंह, मनजीत सिंह, गगनदीप सिंह और अंग कामी लामा को 30 मई को अदालत में पेश किया गया था, जहां उन्हें आगे की पूछताछ के लिए सात दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया था। इन चारों को दिल्ली पुलिस की विशेष प्रकोष्ठ ने एक कथित पाकिस्तान समर्थित आतंकी मॉड्यूल के संबंध में गिरफ्तार किया था। जांचकताओं का दावा है कि इनके दाऊद इब्राहिम के डी-कंपनी नेटवर्क से संबंध थे। पुलिस के अनुसार, आरोपी कथित तौर पर पाकिस्तान स्थित आईएसआई के गुर्गों और संचालकों के निर्देश पर काम कर रहे थे।

# आशंका और बेचैनी से घिरे लाखों लोगों को राहत

## यमुना डूब क्षेत्र की 92 कॉलोनियों पर नहीं चलेगा बुलडोजर

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 जून ।

यमुना ओ-जोन क्षेत्र (डूब क्षेत्र) में बसी कॉलोनियों और गांवों में फिलहाल बुलडोजर नहीं चलेगा। ध्वस्तीकरण के अंदेशे के बीच मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में बुलाई गई बैठक में यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि ओ-जोन में स्थित पुरानी आबादियों और पहले से बने निर्माणों पर किसी प्रकार की विध्वंस कार्रवाई नहीं होगी। दिल्ली सरकार ने कहा कि वह इन कॉलोनियों में रहने वाले करीब 15 लाख लोगों के साथ खड़ी है और उनके हितों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

बैठक में मौजूद अधिकारियों ने बताया कि ओ-जोन क्षेत्र में लगभग 91-92 अनधिकृत कॉलोनियां और एक दर्जन पुराने गांव स्थित हैं, जहां करीब 15 लाख लोग निवास करते हैं। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने कहा कि क्षेत्र में लगाए गए सरकारी नोटिस बोर्डों की वजह से लोगों में भ्रम और भय का



माहौल है। बैठक के बाद आयोजित संयुक्त प्रेस वार्ता में सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी और मनोज तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार और भाजपा संगठन इस विषय को लेकर पूरी तरह संवेदनशील हैं।

बिधूड़ी ने बताया कि संबंधित कॉलोनियों को 24 मार्च 2008 को नियमित किया गया था और उस समय वे एफ-जोन में आती थीं। बाद में 10 अगस्त 2010 को तत्कालीन केंद्र और दिल्ली की कांग्रेस सरकारों ने इन क्षेत्रों को ओ-जोन में शामिल कर दिया। उन्होंने दावा किया कि 2013 में डीडीए ने इन इलाकों को पुनः एफ-जोन में लाने के लिए ड्राफ्ट नोटिफिकेशन भी जारी किया था, लेकिन आज तक अंतिम अधिसूचना जारी नहीं हो सकी।

### नए व चल रहे निर्माण पर है हाईकोर्ट को चिंता

हाईकोर्ट के आदेशों और उपलब्ध सरकारी अभिलेखों के अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि अदालत की चिंता नए और चल रहे निर्माणों को लेकर है, न कि वर्षों से बसी कॉलोनियों या पुराने निर्माणों को लेकर। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग इस स्थिति का फायदा उठाकर निवासियों को डराने के साथ-साथ अवैध निर्माण भी करवा रहे हैं।

### स्पष्टीकरण मांगा

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने डीडीए अधिकारियों से इस संबंध में स्पष्टीकरण मांगा और कहा कि हाईकोर्ट ने पहले से बने निर्माणों पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

अदालत की ओर से उठाए गए सवाल मुख्य रूप से नए निर्माणों से जुड़े हैं इसलिए डीडीए को उसी भावना के अनुरूप कार्रवाई करनी चाहिए।

## फरीदाबाद के इस वार्ड में नई सीवर लाइन बिछेगी, सीवर ओवरफ्लो की समस्या से मिलेगी मुक्ति



» फरीदाबाद, यूटर्न/ 10 जून ।

फरीदाबाद के वार्ड नंबर 4 में सीवर ओवरफ्लो की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए राहत की खबर है। निगम की ओर से पुरानी क्षतिग्रस्त लाइन के स्थान पर नई लाइन बिछाई जाएगी। इसे एसटीपी से जोड़ा जाएगा। इस कार्य को तीन महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा है। इस योजना पर करीब एक करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

वार्ड-4 के अंतर्गत आने वाले संजय कॉलोनी में सीवर लाइनें पुरानी होने और आबादी बढ़ने के कारण निकासी व्यवस्था लगातार प्रभावित हो रही है। गलियों में आये दिन सीवर जाम रहता है। जिससे लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों में हालात और खराब हो जाते हैं। कई बार घरों तक सीवर का पानी घुसने से लोगों की समस्या और बढ़ जाती है। इसे लेकर स्थानीय लोग भी कई बार नगर निगम अधिकारियों से समाधान की मांग कर चुके हैं। लोगों की बढ़ती समस्या को देखते हुए निगम ने नई लाइन बिछाने और अन्य लाइनों की सफाई की तैयारी की है। योजना के तहत सीवर लाइनों की नियमित सफाई, सिल्ट निकालने का काम, जाम की शिकायतों का तत्काल समाधान और खराब हिस्सों की मरम्मत की जाएगी। इसके लिए आधुनिक मशीनों की मदद ली जाएगी, ताकि कम समय में अधिक प्रभावी ढंग से सफाई कार्य किया जा सके। पलवल के होशंगाबाद में ग्राम जल एवं सीवरेज समिति की बैठक में जलापूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कई अहम निर्णय लिए गए। पाइपलाइन लीकेज रोकने, जल स्त्रोतों की सुरक्षा और खुले नलों पर टेप लगाने पर जोर दिया गया। बैठक के बाद ग्रामीणों के बीच जल संरक्षण जागरूकता अभियान भी चलाया गया।

## अवैध ब्रेकर पर उछली बाइक और चली गई जान, गाजियाबाद में 34 साल के युवक की मौत

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 10 जून ।

गाजियाबाद के शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र में अवैध ब्रेकर पर बाइक उछलने के बाद गिरने से युवक की मौत हो गई। परिजनों ने छह जून को हुए हादसे की शिकायत मंगलवार को पुलिस से की। भोपुरा की गगन विहार कॉलोनी में रहने वाले 34 साल के राहुल कुमार हिंडन एयरबेस में संविदा पर कार्यरत थे। परिवार में पत्नी मीनाक्षी, 15 साल का बेटा, 10 साल की बेटी और डेढ़ साल का बेटा है। राहुल के साले सुमित ने बताया कि छह जून की रात भोजन के बाद बच्चों ने मीठा खाने की इच्छा जताई। राहुल घर से रुपये लेकर राजेंद्रनगर स्थित एक मिठाई की दुकान पर रसमलाई लेने गए थे। वहां से लौटते समय साढ़े 11 बजे के करीब सेकेंड आरएम ब्लॉक के सामने एक ब्रेकर आ गया और अचानक बाइक उछल गई।

### कई फीट दूर जा गिरा

इससे राहुल का नियंत्रण खो गया और वह ब्रेकर से कई फीट दूर बाइक से आगे जमीन पर जा गिरे। पास खड़े लोग दौड़े और पुलिस को सूचना देकर उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से दिल्ली के जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां चिकित्सकों ने राहुल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक हेलमेट न होने के कारण सिर पर गहरी चोट लगी थी, जिसके चलते राहुल को हायर सेंटर रेफर किया गया था, जहां उनकी मौत हो गई।

### रातोंरात ब्रेकर गायब कर दिया गया

सुमित ने बताया कि उन्हें पुलिस से ही हादसे की सूचना मिली थी। सात जून को राहुल के अंतिम संस्कार के बाद आठ जून को पुलिस के पास पहुंचे। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज दिखाई तो परिजनों को



ब्रेकर के कारण हादसा होने का पता चला। वह मौके पर पहुंचे तो वहां कोई ब्रेकर नहीं था। साइड में मलबा पड़ा था। आरोप है कि रातोंरात ब्रेकर गायब कर दिया गया। इससे साफ है कि गलत तरीके से ब्रेकर बनाया गया था।

### दो दिन पहले ही बना था

सुमित ने घटनास्थल पर आसपास के लोगों से बात की तो पता चला कि दुर्घटना से एक दिन पहले ही ब्रेकर बनाया गया था। नगर निगम ने यह ब्रेकर बनाया था, लेकिन यह अवैध था।

साथ ही इस पर दृश्यता के लिए सफेद पट्टी भी नहीं खींची गई थीं। इसीलिए हादसा हुआ। सुमित ने आठ जून को शालीमार गार्डन थाने में शिकायत दी। इसमें ब्रेकर अवैध रूप से बनाने, इसकी अनुमति, सुरक्षा मानकों का पालन न करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करने की मांग की। आरोप है कि जांच की बात कह उन्हें थाने से टरका दिया गया। जोर देने पर पुलिसकर्मी ने उनसे अभद्रता की।

सेकेंड आरएम ब्लॉक आरडब्ल्यूए के सचिव धनंजय श्रीवास्तव ने बताया कि चार जून को नगर निगम ने टेबल टॉप की जगह ब्रेकर बना दिया। हादसे के बाद सात जून को इसे नगर निगम की टीम ने हटा दिया।

## दिल्ली के पार्क में नशे का विरोध किया तो घर पर हमला, गेट पर पेट्रोल छिड़क कर लगाई आग

» बाहरी दिल्ली, यूटर्न/ 10 जून ।

जहांगीरपुरी में पार्क में नशे का विरोध करना लोगों को भारी पड़ गया। ई-ब्लॉक में चार नकाबपोश युवकों ने एक मकान को आग लगाने की कोशिश की। युवकों ने पहले गेट पर पेट्रोल छिड़का, फिर आग लगा दी गनीमत रही कि आग फैली नहीं, अन्यथा पूरा मकान आग की लपटें में आ सकता था।

इससे पहले युवकों ने गली में खड़े तीन दोपहिया वाहनों को आग लगाकर जलना दिया। युवकों ने मकान पर पत्थर भी फेंके। इस खौफनाक घटना का वीडियो सोशल मीडिया




पर वायरल हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पार्क में बैठकर कुछ युवक नशा करते हैं, इसका विरोध किया तो युवकों ने यह हरकत की। इस बीच, उत्तर पश्चिम जिला पुलिस की ओर से बताया गया है कि आठ जून को जहांगीरपुरी में पार्क किए गए टू-व्हीलर में आग लगने की सूचना मिली। आग में तीन दोपहिया वाहनों के जलने की सूचना मिली। घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

शिकायत और मौके पर मिली जांच के आधार पर पुलिस ने एक अनजान व्यक्ति के खिलाफ आग लगाकर नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज कर लिया है। बता दें कि पिछले दिनों वजीरपुर में भी गली में खड़े आधा दर्जन दो पहिया वाहनों को आग लगाई थी।

## संक्षिप्त खबरें

### नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को मिलेगी ई-बसों की कनेक्टिविटी, 15 जून से शुरू होगा संचालन

ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 10 जून । नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) के संचालन से पहले यात्रियों की सुविधा के लिए सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। इसी क्रम में एयरपोर्ट को नोएडा और ग्रेटर नोएडा से जोड़ने के लिए इलेक्ट्रिक बसों का बेड़ा सेक्टर-90 स्थित अस्थायी बस डिपो पहुंच गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के तहत एयरपोर्ट के साथ-साथ ई-बस सेवा शुरू करने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। जानकारी के अनुसार, कुल 100 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाना है, जिनमें 90 सामान्य ई-बसें और 10 डबल डेकर बसें शामिल हैं। इन बसों का संचालन आगामी 15 जून से एयरपोर्ट पर फ्लाइट संचालन शुरू होने के साथ ही शुरू किए जाने की योजना है। परिवहन विभाग और संबंधित एजेंसियां अगले दो दिनों में इन बसों का ट्रायल रन भी शुरू करेंगी, ताकि संचालन से पहले सभी व्यवस्थाओं की जांच की जा सके। यात्रियों को बेहतर और पर्यावरण अनुकूल परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की जा रही यह सेवा नोएडा के प्रमुख परिवहन केंद्र बॉटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन से किशोरपुर होते हुए जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक संचालित होगी।

### 20 करोड़ से संवरेगी जीडीए की इंद्रप्रस्थ कॉलोनी

साहिबाबाद, यूटर्न/ 10 जून । टीलामोड़ स्थित जीडीए की इंद्रप्रस्थ कॉलोनी जल्द नए रूप में नजर आएगी। कॉलोनी की बुनियादी सुविधाएं बेहतर बनाने के लिए जीडीए करीब 20 करोड़ रुपये खर्च करेगा। इसके तहत नई सड़कों का निर्माण, क्षतिग्रस्त सड़कों और गड्ढों की मरम्मत, नालियों का निर्माण और सुधार कार्य कराए जाएंगे। कॉलोनी में लंबे समय से सड़कें जर्जर और जल निकासी व्यवस्था कमजोर होने की शिकायतें मिल रही थीं। बारिश में कई जगह जलभराव हो जाता है, जिससे निवासियों को परेशानी होती है। इन समस्याओं को देखते हुए जीडीए ने व्यापक विकास योजना बनाई है और टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। निविदाएं आमंत्रित की जा रही हैं और कागजी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। अधिकारियों के अनुसार, टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद कार्य एजेंसी का चयन होगा और विकास कार्य तेज होंगे। अगले एक सप्ताह में टेंडर और प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी होने की संभावना है, जिसके बाद मौके पर काम शुरू कर दिया जाएगा। कार्यों के पूरा होने से सड़क व्यवस्था सुधरेगी, गड्ढों से राहत मिलेगी और जलभराव की समस्या कम होगी।

# आत्मनिर्भर भारत को बड़ी मजबूती

# रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के लिए 449 करोड़ रुपए के स्वदेशी जीएनएसएस जैमर खरीदने का किया करार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 जून ।**

आत्मनिर्भर भारत और ह्यमेक इन इंडियाह्व अभियान को आगे बढ़ाते हुए रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना की क्षमताओं को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। रक्षा मंत्रालय ने बेंगलुरु स्थित कंपनी अकॉर्ड सॉफ्टवेयर एंड सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड (एएसएसपीएल) के साथ 20 एन्हांस्ड कैपेबिलिटी ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (ईसीजीएनएसएस) जैमर की खरीद के लिए 449 करोड़ रुपए के अनुबंध (कॉन्ट्रैक्ट) पर हस्ताक्षर किया है। इस परियोजना में कम से कम 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय के एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यह अनुबंध 10 जून 2026 को राष्ट्रीय राजधानी में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षरित किया



गया। यह खरीद ह्यबाय (इंडियन-इंडिजिनसली डिजाइन्ड, डेवलप्ड एंड मैन्युफैक्चर्ड)ह्व श्रेणी के तहत की जा रही है, जिसका उद्देश्य देश में विकसित और निर्मित रक्षा प्रणालियों को बढ़ावा देना है।

बयान में कहा गया है कि यह अत्याधुनिक प्रणाली दुश्मन के ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (जीएनएसएस) रिसीवर की सिग्नल प्राप्त करने और ट्रैकिंग क्षमता को कमजोर करने में सक्षम है। इसके अलावा, यह सिग्नल स्पूफिंग और डिसेप्टिव जैमिंग जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग कर दुश्मन को भ्रमित भी कर सकती है।

सरल शब्दों में कहें तो यह प्रणाली दुश्मन के नेविगेशन और लक्ष्य निर्धारण सिस्टम को प्रभावित कर नौसेना के जहाजों की सुरक्षा बढ़ाने में मदद करेगी।

रक्षा मंत्रालय का कहना है कि इन जैमर प्रणालियों की तैनाती से भारतीय नौसेना के युद्धपोतों को बहु-खतरे वाले वातावरण में सुरक्षित और प्रभावी तरीके से संचालन करने में मदद मिलेगी। आधुनिक समुद्री युद्ध में इलेक्ट्रॉनिक युद्ध क्षमता बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है और यह प्रणाली उसी दिशा में एक बड़ा कदम है।

यह कॉन्ट्रैक्ट न केवल भारत की समुद्री सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करेगा, बल्कि रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी तकनीक के विकास को भी नई गति देगा। सरकार का मानना है कि इस तरह की परियोजनाएं देश को रक्षा उपकरणों के मामले में आत्मनिर्भर बनाने और विदेशी निर्भरता कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, यह समझौता उन्नत सैन्य तकनीकों के स्वदेशीकरण और देश की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। साथ ही यह भारत के ह्यआत्मनिर्भर भारतह्व और ह्यमेक इन इंडियाह्व विजन को और मजबूती प्रदान करेगा।



## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना के फेज-2ए को दी मंजूरी, बनेगा 6 किलोमीटर लंबा नया मेट्रो कॉरिडोर

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 जून ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना के फेज-2ए को मंजूरी दे दी है। इस नए चरण के तहत कोटेश्वर रोड से एयरपोर्ट तक 6.032 किलोमीटर लंबा मेट्रो कॉरिडोर विकसित किया जाएगा। इस मार्ग पर कुल 5 स्टेशन बनाए जाएंगे, जिनमें 4 एलिवेटेड (ऊंचाई पर) और 1 भूमिगत स्टेशन शामिल होगा।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि फेज-2ए के पूरा होने के बाद अहमदाबाद-गांधीनगर मेट्रो नेटवर्क की कुल लंबाई 77.63 किलोमीटर हो जाएगी। इस कॉरिडोर में आश्रम रोड, कोटेश्वर प्राचीन मंदिर, साबरमती रिवर, सरदार नगर और एयरपोर्ट स्टेशन शामिल होंगे। बयान के अनुसार, इस परियोजना की कुल लागत 2,169.04 करोड़ रुपए होगी, जिसमें निर्माण अवधि के दौरान लगने वाला ब्याज (आईडीसी) भी शामिल है। यह परियोजना अहमदाबाद के सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क को और मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

अहमदाबाद मेट्रो का नया फेज शहर के उन आवासीय और व्यावसायिक क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी देगा, जहां फिलहाल सार्वजनिक परिवहन की सुविधाएं सीमित हैं। इसके जरिए यात्रियों को एयरपोर्ट तक सीधे और सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### भारतीय धनाढ्यों का डॉलर-आधारित निवेशों की ओर रुझान

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 जून ।** भारतीय धनिक परिवारों और फैमिली ऑफिसों के निवेश के तरीके में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखा जा रहा है। डॉलर और यूरो के मुकाबले रुपये में लगातार आ रही गिरावट के कारण अपनी पूंजी को सुरक्षित रखने और बढ़ाने के लिए अब वे डॉलर से जुड़ी परिसंपत्तियों और विदेशी निवेश की तरफ रुख कर रहे हैं। पहले ये निवेशक मुख्य रूप से घरेलू शेयर बाजार, सावधि जमा और रियल एस्टेट जैसे विकल्पों में पूंजी लगाते थे। जानकारों का कहना है कि यह केवल मुद्रा बाजार की अस्थिरता के जोखिम से बचने का तरीका नहीं है, बल्कि लंबे समय के लिए पूंजी लगाने की एक सोची-समझी और स्थायी रणनीति है। पीएल वेल्थ के एक प्रमुख अधिकारी (प्रोडक्ट ऐंड फैमिली ऑफिस) के अनुसार यह कोई अल्पकालिक बदलाव नहीं है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बाजार से निकासी और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों के दबाव जैसे कारक इस दीर्घकालिक रुझान को और मजबूत कर रहे हैं। हाल के वर्षों में डॉलर के मुकाबले रुपये में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है, जो पिछले दो सालों में 14 फीसदी से अधिक गिर चुका है।

### महिंद्रा स्कॉर्पियो बिक्री के मामले में शीर्ष स्थान पर

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 जून ।** बीते मई महिने में महिंद्रा कंपनी को ग्राहकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। मॉडल-वार बिक्री की बात करें तो महिंद्रा स्कॉर्पियो ने हमेशा की तरह शीर्ष स्थान पर अपना कब्जा बरकरार रखा है। स्कॉर्पियो ने मई में कुल 15,774 यूनिट्स की बिक्री की, जो पिछले साल इसी महीने के मुकाबले 10 प्रतिशत की शानदार बढ़ोतरी है, जब यह आंकड़ा 14,401 यूनिट्स का था। बिक्री की इस सूची में दूसरे स्थान पर महिंद्रा थार रही, जिसने 4 प्रतिशत की सालाना बढ़ोतरी के साथ कुल 10,787 यूनिट्स की बिक्री की। तीसरे नंबर पर महिंद्रा एक्सयूवी700 रही, जिसने 45 प्रतिशत की प्रभावशाली सालाना वृद्धि के साथ कुल 9,338 यूनिट्स की बिक्री की। चौथे स्थान पर महिंद्रा बोलेरो ने 8,933 यूनिट्स एसयूवी की बिक्री दर्ज की। हालांकि, कुछ मॉडलों की बिक्री में गिरावट भी देखी गई। महिंद्रा एक्सयूवी3एक्सओ पांचवें नंबर पर रही, जिसकी बिक्री में 16 प्रतिशत की सालाना गिरावट आई और यह 6,717 यूनिट्स पर सिमट गई। छठे नंबर पर महिंद्रा एक्सयूवी900 रही, जिसने 3,502 यूनिट्स की बिक्री की।

# केंद्र ने एलपीजी के दुरुपयोग के चलते उज्ज्वला स्कीम में घटाई सिलेंडर्स की संख्या : हरदीप पुरी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 जून**

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत सब्सिडी वाले सिलेंडर्स की संख्या को घटाकर वार्षिक स्तर पर नौ से चार करने पर केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को कहा कि यह कदम कुछ लाभार्थियों द्वारा सब्सिडी वाले सिलेंडर्स के दुरुपयोग के चलते उठाया गया है।

समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में पुरी ने कहा कि यह कदम इस सबूत के आधार पर उठाया गया था कि कई लाभार्थियों को अतिरिक्त सिलेंडरों की जरूरत नहीं थी और



कुछ सिलेंडरों का इस्तेमाल कमर्शियल कामों के लिए किया जा रहा था।

उन्होंने कहा, ह्यआज सुबह से ही इस बात पर काफी चर्चा हो रही है कि हमने उज्ज्वला सिलेंडर्स की संख्या नौ से घटाकर चार कर दी है। लेकिन अगर आपको चार से अधिक सिलेंडर्स की जरूरत नहीं है, तो आपको और सिलेंडरों की क्या जरूरत होगी?ह्व उन्होंने तर्क दिया कि अगर किसी परिवार को साल में चार से अधिक सिलेंडर की जरूरत नहीं है, तो उन्हें और सब्सिडी वाले रिफिल देने का कोई ठोस कारण नहीं है।

पुरी ने आईएएनएस को बताया, ह्यहमने ऐसा इसलिए किया क्योंकि हमें भरोसेमंद जानकारी मिली थी कि हमारे कई उज्ज्वला लाभार्थियों को असल में सिलेंडर की जरूरत नहीं थी। वे सिलेंडर ले रहे थे और या तो उसे कमर्शियल इस्तेमाल के लिए बेच रहे थे, या कहीं और इस्तेमाल कर रहे थे, या फिर किसी और अधिक रुपए में दे रहे थेह्व उन्होंने बताया कि सरकार ने यह फैसला स्कीम के इस्तेमाल के तरीके को समझने और इसके गलत इस्तेमाल के मामलों की पहचान करने के बाद लिया।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को एलपीजी कनेक्शन और रियायती दरों पर रिफिल की सुविधा देकर स्वच्छ खाना पकाने का ईंधन उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई थी।

बातचीत के दौरान, पुरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन मॉडल की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि विपक्ष को प्रधानमंत्री द्वारा अपनाए गए विकास-केंद्रित दृष्टिकोण को समझना और अपनाना चाहिए।

# रेडमी की नई टर्बो सीरीज पहली बार होगी लॉन्च

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 जून ।**

भारतीय बाजार में रेडमी अपनी नई टर्बो सीरीज को पहली बार लॉन्च करने जा रही है। भारत में रेडमी टर्बो 5 नामक यह स्मार्टफोन 16 जून को लॉन्च होगा। लॉन्च से पहले रेडमी ने फोन के कई महत्वपूर्ण फीचर्स का खुलासा किया है, यह अमेजन इंडिया के माध्यम से बेचा जाएगा। इसे उन ग्राहकों के लिए डिजाइन किया गया है जो महंगे प्रीमियम फ्लैगशिप फोन पर ज्यादा खर्च किए बिना फ्लैगशिप जैसी परफॉर्मेंस चाहते हैं। कंपनी ने पुष्टि की है कि रेडमी टर्बो 5 में मीडियाटेक डायमेंसिटी 8500 अल्ट्रा प्रोसेसर मिलेगा, यही चिपसेट शाओमी 17टी जैसे प्रीमियम स्मार्टफोन में भी दिया गया है। रेडमी का दावा है कि यह फोन अनटूटू बेंचमार्क में 23 लाख से अधिक स्कोर हासिल करता है, जो वीवो वी70 और ओप्पो रेनो 15 से बेहतर परफॉर्मेंस का संकेत देता है। फोन में एलपीडीडीआर5एक्स रैम और यूएफएस 4.1 स्टोरेज का सपोर्ट मिलेगा, कंपनी ने 24 जीबी तक रैम



सपोर्ट की भी पुष्टि की है, जिसमें वर्चुअल रैम भी शामिल होगी। डिस्प्ले के मोर्चे पर, 6.59 इंच का एमोलेड डिस्प्ले मिलने की उम्मीद है, जिसमें 1.5के रेजोल्यूशन, 120एचझेड रिफ्रेश रेट और 3,500 निट्स पीक ब्राइटनेस होगी। 7,560एमएएच की बड़ी बैटरी और 100डब्ल्यू फास्ट चार्जिंग सपोर्ट इस फोन की सबसे बड़ी खासियत हो सकती है। फोटोग्राफी के लिए 50एमपी सोनी प्राइमरी कैमरा, 8एमपी अल्ट्रा-वाइड कैमरा और 20 एमपी फ्रंट कैमरा मिल सकता है। फोन में धूल और पानी से बेहतर सुरक्षा के लिए आईपी66, आईपी68 और आईपी69 रेटिंग्स की भी उम्मीद है। यह तीन रंगों - ब्लैक, व्हाइट और ग्रीन - में उपलब्ध होगा।

# विकास परियोजनाओं की निगरानी व्यक्तिगत स्तर पर करने वाले पहले नेता :हरदीप सिंह पुरी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 जून ।**

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने यह बात कही, जब पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में सबसे लंबे कार्यकाल में पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को पीछे छोड़ दिया है। हरदीप पुरी ने कहा, 'मैं अपने मन की कुछ बातें शेयर करना चाहता हूं। प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल में मैं नौ वर्षों से उनकी टीम का हिस्सा रहा हूं। यह मेरा नौवां वर्ष है। मैंने भारत में कई प्रधानमंत्रियों के साथ काम किया है और अन्य देशों के राजनीतिक नेतृत्व को भी करीब से देखा है। आज तक मैंने ऐसा कोई व्यक्ति नहीं देखा, जिसके पास प्रधानमंत्री मोदी जैसा व्यापक ज्ञान हो। विकास से जुड़े विषयों पर उनकी समझ और बड़े स्तर पर मार्गदर्शन देने की क्षमता अद्वितीय है।'

उन्होंने कहा कि चाहे प्राकृतिक गैस का विषय हो, प्राकृतिक खेती, कृषि या उर्वरकों के उपयोग का मामला हो, प्रधानमंत्री जिस विषय पर ध्यान केंद्रित करते हैं, उस पर उनका ज्ञान और शोध उल्लेखनीय होता है।

केंद्रीय मंत्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि वर्ष 2014 में शुरू की गई कई योजनाओं की नींव प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए पहले ही रख दी थी। स्वच्छता अभियान और शहरी विकास से जुड़ी कई पहलें उन्होंने गुजरात में छोटे स्तर पर लागू



की थीं। कई लोगों का मानना था कि भूमि जैसे विषय राज्यों के अधिकार क्षेत्र में आते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री का विचार था कि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर ऐसी योजनाएं बना सकती हैं, जो देश को विकसित भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ाएं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पहले ऐसे नेता हैं, जिन्होंने वरिष्ठ स्तर पर स्वयं परियोजनाओं की निगरानी की व्यवस्था को मजबूत किया। हर महीने होने वाली प्रगति समीक्षा बैठकों में वे विभिन्न मंत्रालयों के सचिवों के साथ बैठकर अलग-अलग परियोजनाओं की समीक्षा करते हैं। यदि किसी क्षेत्र में विशेषज्ञता की कमी दिखाई देती है, तो वे उद्योग जगत के विशेषज्ञों से सहयोग लेने की सलाह देते हैं। उन्होंने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों के दौरान जो कार्य हुए हैं, वे केवल सरकारी बैठकों तक सीमित नहीं रहे।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# मालवीय नगर अग्निकांडः गुरुग्राम के सेक्टर-46 स्थित घर से आखिरी अर्थी भी उठी

» **दिल्ली, यूटर्न/ 10 जून ।**



दिल्ली के मालवीय नगर स्थित होटल अग्निकांड की लपटें 3 जून के बाद मंगलवार को भी गुरुग्राम में महसूस की गई। सेक्टर-46 के मकान नंबर 3169 में रहने वाले परिवार के आखिरी बचे सदस्य और मुखिया राधेश्याम अग्रवाल की भी साकेत के मैक्स अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

मंगलवार शाम लगभग 4 बजे इनका शव दिल्ली से एंबुलेंस के जरिये गुरुग्राम के घर लाया गया। यहां परिचितों, पड़ोसियों, रिश्तेदारों व सेक्टरवासियों की मौजूदगी में सेक्टर-32 के मोक्ष धाम में शाम लगभग 6 बजे राधेश्याम के शव का अंतिम संस्कार किया गया। सेक्टर-46 में रहने वाले विवेक अग्रवाल और उनकी मां, पत्नी, दो बेटियों की 5 अर्थियां इस मकान से 4 जून को उठी थी। उस दौरान भी पड़ोसियों, रिश्तेदारों, परिचितों और सेक्टरवासियों की आंखें नम थी। अंतिम संस्कार के समय जब 5 अर्थियां एक साथ जलीं तो ये दृश्य बेहद हृदयविदारक और रोंगटे खड़े करने वाला था। एक हादसे ने पूरा परिवार खत्म कर दिया। अस्पताल में भर्ती राधेश्याम अग्रवाल को देखने के लिए ही परिवार दिल्ली पहुंचा और वहां होटल में रुका था। सबकी मौत के बाद मंगलवार को राधेश्याम ने भी दम तोड़ दिया। उनके अंतिम संस्कार के समय भी मौजूद सभी 100 के करीब लोग बेहद परेशान और दुखी दिखे।

इस मकान का आखिरी बचा सदस्य भी दुनिया को अलविदा कह गया। दिल्ली के मालवीय नगर एरिया स्थित होटल में 3 जून को आग लग गई थी।

इस दिल दहला देने वाले हादसे में गुड़गांव के सेक्टर-46 में रहने वाले सीए विवेक अग्रवाल, मां, उनकी पत्नी तर्जनी अग्रवाल, दो बेटियों व तीन रिश्तेदारों समेत आठ लोगों की मौत हो गई थी। परिवार के पांच सदस्यों की मौत होने के बाद विवेक अग्रवाल के चचेरे भाई ही अस्पताल में भर्ती राधेश्याम अग्रवाल की देखरेख कर रहे थे। उनके परिवार के सदस्य विवेक के घर पर ही फिलहाल ठहरे हुए हैं।

# संक्षिप्त खबरें

## लोनी में नए न्यायालयों की स्थापना के लिए प्रशासन को लिखा पत्र

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 10 जून ।** लोनी तहसील में प्रस्तावित नए न्यायालयों की स्थापना को लेकर आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। सिविल कोर्ट गाजियाबाद की इंफ्रास्ट्रक्चर उपसमिति ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर न्यायालयों के संचालन के लिए जरूरी व्यवस्थाएं शीघ्र सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश और इंफ्रास्ट्रक्चर उपसमिति के अध्यक्ष डॉ. दिनेश चन्द्र शुक्ल की ओर से भेजे गए पत्र में कहा गया है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्देशों के अनुसार लोनी में अपर जिला जज स्तर के दो न्यायालय स्थापित किए जाने प्रस्तावित हैं। इसके अलावा सिविल जज सीनियर व जूनियर डिवीजन स्तर का एक-एक न्यायालय भी स्थापित किया जाना है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि इन न्यायालयों की स्थापना के लिए जरूरी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का मामला कई वर्षों से लंबित है। इस संबंध में जिला प्रशासन को पहले भी कई बार पत्र भेजा जा चुके हैं।

## जीडीए की लगाई सील को तोड़कर कराया निर्माण, छह पर रिपोर्ट दर्ज

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 10 जून ।** विकास प्राधिकरण की लगाई गई सील को तोड़कर फिर से मकान निर्माण होने का मामला सामने आया है। इस पर जीडीए के अवर अभियंता ने मानक और नक्शे के विपरीत मकान निर्माण कराने वाले छह भू स्वामियों के खिलाफ कविनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के अवर अभियंता धनंजय मौर्य के मुताबिक भू-स्वामी ने प्राधिकरण के नक्शे और मानकों के विपरीत मकानों का निर्माण कराया था। टीम ने पूर्व में नोटिस भेजकर चेतावनी दी, उसके बाद सीलिंग की कार्रवाई भी की गई। उनके गत दिनों औचक निरीक्षण में प्राधिकरण की सील तोड़कर आरोपियों ने फिर से मकानों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया। बालाजी एन्क्लेव एनडीआरएफ रोड कविनगर स्थित प्लॉट के भू-स्वामी राकेश अरोड़ा, रवि रावत और सचिन कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसके साथ ही एक प्लॉट के मालिक कुमुद चोपड़ा, सीमा नागर और गौरव के खिलाफ भी कविनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

# हाईवे पर ट्राले में घुसी स्कार्पियो, कारोबारी की मौत




» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 10 जून ।**

मसूरी थानाक्षेत्र में नेशनल हाईवे-9 पर मंगलवार दोपहर को खड़े ट्राले में स्कार्पियो कार पीछे से घुस गई। हादसे में स्कार्पियो सवार फ्लैक्स होर्डिंग कारोबारी गंभीर रूप से घायल हो गए। कार में फंसे घायल कारोबारी को निकालकर पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया और वहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव मेडिकल परीक्षण को भेज दिया है। उधर, हादसा होते ही चालक ट्राला छोड़कर मौके से भाग गया।

कार्यवाहक एसीपी मसूरी भास्कर वर्मा ने बताया कि मंगलवार दोपहर गांव ढबारसी निवासी फ्लैक्स होर्डिंग कारोबारी नौशाद अली (40) गाजियाबाद से अपने घर के लिए स्कार्पियो में सवार होकर निकले। जब वह सर्विस रोड से एनएच-9 पर पहुंचे तो जिंदल बिजलीघर के सामने खड़े ट्राले में अनियंत्रित स्कार्पियो घुस गई। टक्कर इतनी तेज थी कि स्कार्पियो का इंजन और चालक साइड ट्राले से टकराकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। गाड़ी चला रहे नौशाद अली गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने आसपास के लोगों के साथ मिलकर क्षतिग्रस्त कार में फंसे घायल को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। इसके बाद नजदीकी निजी अस्पताल में पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने नौशाद अली को मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि नौशाद अली मूल रूप से कस्बा सिवाल खास जनपद मेरठ के निवासी हैं। कुछ वर्ष पूर्व ही वह परिवार सहित ढबारसी गांव में आकर रहने लगे थे। नौशाद अली और सरफराज अली दोनों भाई फ्लैक्स बोर्ड का काम करते हैं। वर्ष 2021 में मृतक के भाई सरफराज ने जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ा था और आगामी पंचायत चुनाव में भी सबसे छोटे भाई दिलदार ग्राम प्रधान के चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। परिजनों ने बताया कि नौशाद के पांच बेटे और दो बेटी हैं। मृतक के भाई सरफराज ने ट्राला चालक के खिलाफ मसूरी थाने में तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि ट्राला कब्जे में ले लिया है और जल्द ही चालक को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# गैंगस्टर काला जठेड़ी के नाम पर मांगी तीन करोड़ की रंगदारी

## दिल्ली के कारोबारी को अमेरिका से कराया कॉल

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 जून ।**




उत्तर पश्चिम जिला पुलिस ने एक कारोबारी से गैंगस्टर काला जठेड़ी गैंग के बदमाश बनकर तीन करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में दो व्यवसायियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान हरियाणा के यमुनानगर निवासी साहिल गर्ग और राजन कालरा के रूप में हुई है।

मेडिकल उपकरणों का कारोबार करने वाले आरोपी साहिल ने पैसों के लेन-देन के विवाद में दोस्त राजन कालरा और अमेरिका के कैलिफोर्निया में रहने वाले उसके भाई की मदद से वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों ने अमेरिका से काला जठेड़ी के नाम से धमकी भरे कॉल करवाए और वॉयस मैसेज भिजवाया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

जिला पुलिस उपायुक्त आकांक्षा यादव ने बताया कि राणा प्रताप रोड इलाके में रहने वाले रोहित जैन ने आदर्श नगर थाने में अंतरराष्ट्रीय व्हाट्सएप नंबरों से रंगदारी के लिए धमकी भरे कॉल आने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि कॉल करने वाले ने खुद को हरियाणा के काला जठेड़ी गैंग का बदमाश बताया और व्यवसायी साहिल गर्ग का कथित बकाया पैसा वसूलने की बात कही।

धमकी देने वाले ने यह भी दावा किया कि रकम की वसूली के लिए उसने साहिल गर्ग से 50 लाख का टोकन राशि ले रखी है। उसने चेतावनी दी कि रुपये का भुगतान नहीं करने पर उसकी हत्या कर दी जाएगी। आदर्श नगर थाना पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया। छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला कि रोहित की बवाना के सेक्टर-5 में प्लास्टिक ग्लू टेप बनाने की फैक्टरी है।

पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उनका हरियाणा के यमुनानगर निवासी साहिल गर्ग के साथ व्यावसायिक विवाद चल रहा था। पूर्व में साहिल गर्ग ने उसके खिलाफ आदर्श नगर में कथित धोखाधड़ी और 2.95 करोड़ का भुगतान न करने संबंधी शिकायत दर्ज करवाई थी।

अंतरराष्ट्रीय मोबाइल नंबर का उपयोग : पुलिस टीम ने जांच के दौरान पाया कि शिकायतकर्ता को धमकाने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय तथा एक भारतीय मोबाइल नंबर का उपयोग किया जा रहा था। पुलिस ने नामजद आरोपियों से संपर्क करने की कोशिश की, जिसमें पता चला कि आरोपी हरियाणा के करनाल, जगाधरी, यमुनानगर एवं चंडीगढ़ में लगातार अपनी लोकेशन बदल रहे हैं। पुलिस ने आरोपी राजन कालरा को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने साहिल गर्ग को भी गिरफ्तार कर लिया।

# बाइक से टक्कर मारने के विरोध पर किशोर को चाकू मारा, घायल



» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 10 जून ।**

विजयनगर थानाक्षेत्र में सरेराह बाइक सवार ने किशोर के पेट में चाकू घोंप दिया। शोर शराबा होने पर पिंक बूथ और नजदीक खड़ी फैंटम पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। वहीं, किशोर को एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया और उसका इलाज चल रहा है।

एसीपी उपासना पांडेय ने बताया कि मंगलवार दोपहर चरण सिंह कॉलोनी गली नंबर आठ प्रताप विहार निवासी विवेक (16) बाजार जा रहे थे। ऑटो स्टैंड के पास पिंक बूथ के सामने लापरवाही से बाइक चला रहे युवक ने विवेक को टक्कर मार दी। विवेक ने विरोध जताया और सही से बाइक चलाने को कहा। इस पर दोनों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि बाइक सवार ने सब्जी बेचने वाले का चाकू उठाकर विवेक के पेट में घोंप दिया। इससे विवेक लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद पिंक बूथ और फैंटम पुलिस ने आरोपी बाइक चालक की घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह मोदीनगर के गदाना गांव निवासी जयवीर सिंह है। उधर, घायल विवेक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत खतरे से बाहर है। उधर, घायल के भाई अजीत ने आरोपी जयवीर के खिलाफ विजयनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# डॉ. संदीप मारवाह ने ऑस्ट्रेलिया में सात दिनों में सात प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मान पाकर इतिहास रचा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 जून ।**



ऑस्ट्रेलिया में भारत के लिए गर्व का एक बड़ा पल तब आया, जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मशहूर मीडिया पर्सनैलिटी, शिक्षाविद और सांस्कृतिक राजदूत डॉ. संदीप मारवाह ने मेलबर्न और सिडनी की अपनी यात्रा के दौरान सिर्फ सात दिनों में सात अलग-अलग प्रतिष्ठित मंचों पर सात सम्मान हासिल करके एक असाधारण उपलब्धि हासिल की।

वैश्विक सद्भाव, शिक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के उनके बेहतरीन प्रयासों के लिए, डॉ. मारवाह को ह्यग्लोबल पीस फाउंडेशनह्ल द्वारा प्रतिष्ठित ह्यग्लोबल पीस अवार्डह्ल से सम्मानित किया गया। यह सम्मान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मशहूर मोटिवेशनल स्पीकर और लेखक डॉ. कुमार प्रशांत मानव ने दिया, जिन्होंने शांति, एकता और मानवीय मूल्यों का संदेश फैलाने के लिए डॉ. मारवाह की जीवन भर की प्रतिबद्धता को सराहा।

मीडिया और मनोरंजन के क्षेत्र में चार दशकों से ज्यादा के उनके शानदार सफर का जश्न मनाते हुए, ह्यऑस्ट्रेलियन मल्टीकल्चरल मीडिया सेंटरह्ल ने वैश्विक पत्रकारिता, फिल्म निर्माण और रचनात्मक उद्योगों में डॉ. मारवाह के बेमिसाल योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया।

अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के उनके समर्पण को ह्यऑस्ट्रियन फाउंडेशनह्ल और ह्यचेन मनमार कम्युनिटी केयरह्ल ने भी तारीफ की; इन दोनों ने शिक्षा, कला, संस्कृति और कूटनीति के जरिए देशों को जोड़ने में डॉ. मारवाह के दूरदर्शी नेतृत्व का सम्मान किया।

मेलबर्न में ह्यअमीन बिजनेस काउंसिलह्ल द्वारा एक शानदार स्वागत समारोह भी आयोजित किया गया, जहां भारतीय समुदाय के लोगों, बिजनेस लीडर्स और कम्युनिटी के प्रतिनिधियों ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग और सांस्कृतिक उन्नति की दिशा में डॉ. मारवाह के अहम योगदान की तारीफ की।

उनकी ऑस्ट्रेलिया यात्रा के सबसे यादगार पलों में से एक ह्यपार्लियामेंट ऑफ विक्टोरियाह्ल में उन्हें दिया गया विशेष सम्मान था, जहाँ सांसद ली टारलामिस ने सांस्कृतिक कूटनीति की ताकत से कला, संस्कृति, शांति, प्यार और एकता को बढ़ावा देने के लिए उनके चार दशकों के अथक प्रयासों को मान्यता दी।

वैश्विक पहचान के अपने सफर को जारी रखते हुए, डॉ. मारवाह को सिडनी में प्रमुख ऑस्ट्रेलियाई नेता और लॉर्ड मेयर समीर पांडे से एक और प्रतिष्ठित सम्मान मिला। उन्होंने पैरामाटा क्षेत्र में शिक्षा, मीडिया, आध्यात्मिकता, संस्कृति और सामुदायिक विकास में डॉ. मारवाह के अहम योगदान को मान्यता दी। अपने शानदार करियर में एक और उपलब्धि जोड़ते हुए, ह्यइंडियन लिटरेरी एंड आर्ट्स सोसाइटी ऑफ ऑस्ट्रेलियाह्ल ने डॉ. मारवाह को एक प्रतिष्ठित साहित्यिक सम्मान से नवाजा। यह सम्मान उन्हें पिछले चालीस वर्षों में रचनात्मक कला, साहित्य, मीडिया और संस्कृति को बढ़ावा देने में उनके असाधारण योगदान के लिए दिया गया।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# धोनी को इस कारण नहीं मिल पाया टी20 में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अवार्ड


**मुम्बई, यूटर्न/ 10 जून ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के नाम कई रिकार्ड है। धोनी की कप्तानी में ही भारतीय टीम ने पहला टी20 खिताब जीत था। उनके नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 17,000 से अधिक रन है पर प्रशंसकों को ये जानकर हैरानी होगी कि इसके बाद भी धोनी को अपने करियर के दौरान टी20 प्रारुप में एक बार भी मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड नहीं मिला। इसका कारण ये रहा कि धोनी ने हमेशा ही टीम की जीत को निजी उपलब्धियों से अधिक महत्व दिया और उसी अनुसार फैसले लिए। साल 2004 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद धोनी ने पीछे मुड़कर नहीं देखा ओर वह सबसे अच्छे विकेटकीपर बल्लेबाज और मैच फिनिशर के तौर पर उभरे। उन्होंने भारतीय टीम की ओर से कुल 538 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 44.96 के बेहतरीन औसत से 17,266 रन बनाए। इसमें 16 शतक और 108 अर्धशतक शामिल हैं। 98 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के अपने करियर में धोनी ने 37.60 की औसत और 126.13 के स्ट्राइक रेट से 1,617 रन बनाए। इस दौरान कई बार उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से भारतीय टीम को कठिन हालातों से निकाकर जीत दिलायी हालांकि इसके बाद भी उन्हें एक बार भी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड नहीं मिला। इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण ये है कि टी20 क्रिकेट में धोनी अधिकतर नंबर 5, 6 या 7 पर बल्लेबाजी करने आते थे, जहां उन्हें आमतौर पर 10 से 15 गेंदें ही खेलने को मिलती थीं।




## जोहान बोथा का क्वींसलैंड बुल्स टीम के मुख्य कोच पद से इस्तीफा, टिम पेन बन सकते हैं नये कोच

**ब्रिस्बेन, यूटर्न/ 10 जून ।** पूर्व क्रिकेटर जोहान बोथा ने ऑस्ट्रेलियाई क्वींसलैंड बुल्स टीम के मुख्य कोच पद से इस्तीफा दे दिया है। बोथा दक्षिण अफ्रीका की सीमित ओवरों की टीम के कप्तान रहे हैं। कोच के तौर पर बोथा का कार्यकाल एक साल और बचा था पर उन्होंने अचानक ही पद छोड़ दिया। क्वींसलैंड क्रिकेट ने कहा है कि उसने कोच के इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है। वहीं माना जा रहा है ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन को नया कोच बनाया जा सकता है। पेन कोच पद के सबसे बड़े दावेदार हैं।

44 साल बोथा ने साल 2024-25 सत्र से पहले क्वींसलैंड टीम का कोच पद संभाला था। उनके नेतृत्व में क्वींसलैंड बुल्स ने पहले ही सत्र में शेफील्ड शील्ड के फाइनल में जगह बनाई थी। वहीं टीम शेफील्ड शील्ड और एकदिवसीय कप दोनों प्रतियोगिताओं में तीसरे स्थान पर रही। वह ब्रिस्बेन हीट को भी कोचिंग देते थे हालांकि ब्रिस्बेन हीट के साथ बोथा का कार्यकाल उतना सफल नहीं रहा। उनके नेतृत्व में टीम लगातार दो बिग बैश लीग (बीबीएल) सत्र में पांचवें और सातवें स्थान पर रही। वहीं क्वींसलैंड क्रिकेट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टेरी स्वेन्सन ने कोच के तौर पर बोथा के योगदान की सराहना की।



## पुलकित सम्राट ने पूरी की अपकमिंग फिल्म की शूटिंग

बॉलीवुड अभिनेता पुलकित सम्राट ने टिप्स फिल्म्स के बैनर तले बन रही अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। स्नेहा तौरानी द्वारा निर्देशित और रमेश तौरानी की इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा का अभी इंतजार है, लेकिन सूत्रों के अनुसार फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। इस फिल्म के अब केवल एक गाने की शूटिंग बाकी है। अपने प्रोडक्शन के अंतिम चरण में पहुंच चुका पुलकित सम्राट का यह प्रोजेक्ट दर्शकों के एक कदम और करीब आ गया है। वैसे पिछले साल जब पुलकित का नाम इस प्रोजेक्ट से जुड़ा था, तब से ही फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ गई थी, लेकिन इस खबर के साथ ही दर्शकों की उत्सुकता अब चरम पर पहुंच चुकी है। दिलचस्प बात यह है कि बॉलीवुड के सबसे सफल प्रोडक्शन हाउसेज में से एक टिप्स फिल्म्स के साथ एक उभरती हुई निर्देशिका और अपने करियर के मजबूत दौर से गुजर रहे अभिनेता का यह सहयोग इंडस्ट्री में पहले ही चर्चा का विषय बन चुका है। हालांकि पुलकित की इस फिल्म की शूटिंग पूरी होने की खबर भी ऐसे समय में आई है...

## मैं वापस आऊंगा को लेकर चर्चाओं में

# शरवरी वाघ



अपनी आगामी फिल्म मैं वापस आऊंगा को लेकर बॉलीवुड अभिनेत्री शरवरी वाघ चचाओं में हैं। इस फिल्म में उन्हें एक ऐसी महिला का किरदार निभाने का मौका मिला, जो उनकी अपनी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से काफी अलग है, जिसके चलते उन्हें नई भाषा और संस्कृति को समझना पड़ा। अपने इस अनुभव को लेकर शरवरी वाघ ने कहा, घर में मैं मराठी भाषा बोलती हूं और मेरी परवरिश पूरी तरह मराठी संस्कृति के बीच हुई है। ऐसे में एक पंजाबी महिला का किरदार निभाना मेरे लिए एक नया और दिलचस्प अनुभव था। शरवरी ने कहा, भाषाएं हमेशा से मुझे आकर्षित करती रही हैं। मेरा मानना है कि भारत जैसे देश में कलाकारों के लिए सीखने और समझने के अवसर कभी खत्म नहीं होते। यहां इतनी सारी भाषाएं और संस्कृतियां हैं कि हर नया किरदार किसी नई दुनिया का दरवाजा खोल देता है। एक अभिनेता के लिए सिर्फ डायलॉग बोलना ही काफी नहीं होता, बल्कि उस भाषा की भावना, उसके लहजे और उससे जुड़ी संस्कृति को समझना भी जरूरी होता है। अभिनेत्री ने कहा, भले ही मैं नई भाषाएं सीखने को लेकर उत्साहित रहती हूं, लेकिन मेरी मातृभाषा मराठी आज भी मेरे दिल के सबसे करीब है। जब भी मुझे किसी सीन के लिए भावनात्मक रूप से खुद को तैयार करना होता है या किसी खास एहसास से जुड़ना होता है, तो मैं अक्सर मराठी गाने सुनती हूं। मराठी भाषा के शब्द मेरे दिल को सबसे गहराई से छूते हैं। शरवरी ने कहा, अपनी जड़ों से जुड़ा रहना और साथ ही नई चीजें सीखना, दोनों ही जरूरी हैं। महाराष्ट्र से होने का एक फायदा यह भी मिला कि मुझे दूसरी भाषाओं को समझने और अपनाने में आसानी हुई। भारत की कई भाषाएं एक-दूसरे से किसी न किसी रूप में जुड़ी हुई हैं। यही वजह है कि नई भाषा सीखने की प्रक्रिया मेरे लिए मुश्किल के बजाय आनंददायक रही। फिल्म मैं वापस आऊंगा भारत के विभाजन की पृष्ठभूमि में बुनी गई एक प्रेम कहानी है। फिल्म में शरवरी के अलावा दिलजीत दोसांझ और नसीरुद्दीन शाह जैसे दिग्गज कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।





## नुसरत भरूचा ने तोड़ी चुप्पी

अभिनेत्री नुसरत भरूचा हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो को लेकर चर्चा में आ गईं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के बाद उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया था, जिसे कुछ ही मिनटों बाद हटा दिया गया। हालांकि, इस दौरान वीडियो में सुनाई देने वाली आवाजों को लेकर सोशल मीडिया पर तरह-तरह के कयास लगाए जाने लगे और अभिनेत्री को ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। लगातार हो रही आलोचना के बाद नुसरत भरूचा ने इस पूरे मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि वीडियो में सुनाई दे रही आवाज उनकी नहीं थी, बल्कि उनके दोस्तों के घर मौजूद एक छोटे पप्पी की थी। अभिनेत्री ने कहा कि कुछ लोगों ने बिना तथ्य जाने मामले को बेवजह बड़ा बना दिया और यहां तक कि उनकी ओर से फर्जी सफाई भी प्रसारित कर दी। नुसरत ने बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ मैच देख रही थीं और उसी दौरान उनका पालतू पप्पी रोने जैसी आवाजें निकाल रहा था। उन्होंने यह भी कहा कि उसी समय उनके एक दोस्त ने दूसरे कोण से वीडियो रिकॉर्ड किया था...

## संक्षिप्त खबरें

### अमेरिका ने ईरान के वायु रक्षा, रडार प्रणाली पर किया हमला

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 10 जून ।** अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि सेना के अपाचे हेलिकॉप्टर को गिराए जाने के जवाब में अमेरिकी सेना ने ईरान पर कई हमले किए। खबरों के अनुसार, इन हमलों में ईरान के वायु रक्षा एवं रडार प्रणाली को निशाना बनाया गया। सेंटकॉम ने एक्स पर लिखा, 'मंगलवार को अमेरिकी सेना के अपाचे हेलीकॉप्टर को गिराए जाने के जवाब में, कमांडर-इन-चीफ के निर्देश पर सेंटकॉम की सेनाओं ने शाम पांच बजे (21:00 जीएमटी) से ईरान के खिलाफ आत्मरक्षा में हमला शुरू किया। यह मिशन ईरान की अनुचित आक्रामकता का एक उचित जवाब है।' मंगलवार को राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया कि होर्मुज जलडमरूमध्य में गश्त के दौरान इस्लामिक रिपब्लिक ने हेलीकॉप्टर को मार गिराया था। राष्ट्रपति ने इस बात पर बल दिया कि इस हमले का जवाब अमेरिका को जरूर देना चाहिए। प्रेस टीवी के अनुसार, दक्षिणी ईरान के शहर जास्क, सिरिक और केशम द्वीप पर कई धमाकों की आवाज सुनी गई।

### पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर किया हमला, 11 बच्चों समेत 13 लोगों की मौत

**मॉस्को, यूटर्न/ 10 जून ।** अफगान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने बुधवार को कहा कि पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान के तीन प्रांतों में हवाई हमले किए, जिनमें 11 बच्चों समेत 13 लोगों की मौत हो गई जबकि 14 अन्य घायल हो गए। श्री जबीहुल्लाह ने एक्स पर लिखा, 'कल रात, पाकिस्तानी सेना ने एक बार फिर अफगानिस्तान के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया और कुनार, खोस्त और पक्तिका प्रांतों में आम नागरिकों के घरों पर बमबारी की। इन हमलों में 11 बच्चे, एक महिला और एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 14 अन्य महिलाएं और बच्चे घायल हो गए। हम इस मानवीय अपराध और आक्रामकता की कड़ी निंदा करते हैं।

# पीओके में प्रदर्शनकारियों पर सख्त कार्रवाई को लेकर पाकिस्तान की आलोचना

**मानवाधिकार संगठनों ने जताई चिंता**



**» इस्लामाबाद, यूटर्न/ 10 जून ।**

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ की गई सख्त कार्रवाई पर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों ने चिंता जताई है। सरकार की आलोचना करते हुए संगठनों ने कहा कि इंटरनेट बंद करना, बड़ी संख्या में लोगों को गिरफ्तार करना और प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग करना क्षेत्र में मानवाधिकारों की स्थिति के गंभीर रूप से बिगड़ने का संकेत है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, पीओके के रावलाकोट शहर में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई झड़पों में कई लोगों की मौत हो गई, जबकि सैकड़ों लोग घायल हुए हैं।


यह तनाव उस समय बढ़ा जब पाकिस्तान प्रशासन ने 9 जून को प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन से पहले संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) को आतंकवाद-रोधी कानूनों के तहत प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया। इस फैसले की निंदा करते हुए इंटरनेशनल 'मन राइट्स फाउंडेशन (आईएचआरएफ) ने कहा कि किसी नागरिक संगठन को बिना किसी ठोस आधार के 'आतंकी' घोषित करना और साथ ही पूरे क्षेत्र को बाहरी दुनिया से काट देना, लोगों के संगठन बनाने और अपनी बात रखने के अधिकार का गंभीर उल्लंघन है। आईएचआरएफ ने आरोप लगाया कि 8 और 9 जून के दौरान सुरक्षा बलों की कार्रवाई में एक महिला समेत 25 से अधिक लोगों की मौत हुई। संगठन ने यह भी कहा कि जेकेजेएएसी के विरोध प्रदर्शनों पर पहले भी मई 2024 और अक्टूबर 2025 में हिंसक कार्रवाई की जा चुकी है।

# भूटान के पीएम तोबगे प्रधानमंत्री मोदी को मानते हैं ह्यअपना बड़ा भाई और मार्गदर्शकह्न

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 10 जून ।**

भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करने का नया कीर्तिमान स्थापित करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुनिया भर से बधाइयां मिल रही हैं। इसी क्रम में भूटान के प्रधानमंत्री त्शेरिंग तोबगे ने प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में एक भावनात्मक पत्र लिखते हुए उन्हें अपना ह्ममित्र, बड़ा भाई और मार्गदर्शकह्व बताया।

तोबगे ने पीएम मोदी पर जताए गए विश्वास की सराहना करते हुए अपनी बात शुरू की। उन्होंने लिखा, ह्व26 मई 2014 को पहली बार प्रधानमंत्री पद की जिम्मेदारी संभालने के बाद नरेंद्र मोदी ने 4,399 दिनों का कार्यकाल पूरा कर भारत के राजनीतिक इतिहास में एक नया अध्याय लिखा है। यह केवल भारत के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है, जो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र द्वारा अपने नेता पर बार-बार जताए गए विश्वास को दर्शाता है ह्व भूटान के प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके लिए यह उपलब्धि महज एक राजनीतिक रिकॉर्ड नहीं, बल्कि एक ऐसे रिश्ते को याद करने का अवसर है जो वर्षों में और मजबूत हुआ है। उन्होंने लिखा कि वह प्रधानमंत्री मोदी को एक करीबी मित्र, बड़े भाई और ऐसे मार्गदर्शक के रूप में देखते हैं जिनकी जनसेवा को लेकर



प्रतिबद्धता उन्हें लगातार प्रेरित करती है। 2014 में हुई अपनी पहली मुलाकात का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, ह्ममैं प्रधानमंत्री मोदी से पहली बार उनके शपथ ग्रहण समारोह में मिला था। पहली ही मुलाकात में उनकी आत्मीयता और सादगी ने मुझे प्रभावित किया था। बाद में यह औपचारिक परिचय गहरी मित्रता में बदल गया ह्व उन्होंने याद दिलाया कि प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए भूटान को चुना था। तोबगे के अनुसार यह निर्णय दोनों देशों के विशेष संबंधों और भूटान के प्रति मोदी के स्नेह का स्पष्ट संदेश था। भूटानी प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्षों के दौरान दोनों नेताओं के बीच विकास, शासन, क्षेत्रीय चुनौतियों और समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा होती रही है। इन संवादों के माध्यम से उन्होंने मोदी की दूरदर्शिता, नेतृत्व क्षमता, विनम्रता और लोगों से जुड़ने की अद्भुत कला को करीब से देखा है।

तोबगे ने पीएम मोदी के सादे जीवन का जिक्र करते हुए आगे लिखा, ह्वव्यस्ततम कार्यक्रम के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी हमेशा मेरे परिवार और बच्चों का हालचाल पूछते हैं तथा स्वास्थ्य, योग और संतुलित जीवनशैली को लेकर अपने अनुभव भी साझा करते हैं। यही मानवीय गुण हमारी मित्रता को और मजबूत बनाते हैं ह्व भूटान के पीएम ने भारतीय समकक्ष को बड़ा भाई बताने की वजह का खुलासा किया।

# अमेरिकी हमलों के जवाब में ईरानी सेना ने कई अमेरिकी ठिकानों पर किये हमले

**तेहरान, यूटर्न/ 10 जून ।** अमेरिकी हमलों के जवाब में ईरानी सेना ने क्षेत्र स्थित कई अमेरिकी ठिकानों पर हमले किये हैं। प्रेस टीवी ने ईरान के खातम अल-अंबिया केंद्रीय मुख्यालय के हवाले से बुधवार को रिपोर्ट की है कि इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने अमेरिकी हमलों के जवाब में बहरीन में तैनात अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े के बलों पर ड्रोन से हमला किया है। रिपोर्टों के अनुसार, मुख्यालय ने यह भी दावा किया है कि अगर अमेरिका की आक्रामकता जारी रहती है, तो क्षेत्र में चुनिंदा ठिकानों के खिलाफ और भी बड़े पैमाने पर हमले किये जायेंगे। मंगलवार रात अमेरिकी केंद्रीय कमान ने कहा था कि सेना ने अमेरिका के अपाचे सैन्य हेलीकॉप्टर को मार गिराये जाने के जवाब में ईरान के खिलाफ हमले किये थे। इसके बाद प्रेस टीवी ने रिपोर्ट दी कि बंदर अब्बास, सीरीक और केश्म द्वीप में विस्फोटों की आवाजें सुनी गयीं। रिपोर्टों के मुताबिक, आईआरजीसी ने यह भी बताया कि अमेरिकी हमलों में सीरीक में एक दूरसंचार टावर क्षतिग्रस्त हो गया है और दो जलाशय नष्ट हो गये हैं।

# दोस्तों संग जीती 70 करोड़ की सरकारी लॉटरी, रातोंरात बने करोड़पति

**दुबई, यूटर्न/ 10 जून ।** अबू धाबी के रुवैस इंडस्ट्रियल एरिया में ईद-उल-अजहा की छुट्टी वाली रात रोज की तरह ही सामान्य थी। 26 साल का नेपाली युवक तैयब खान अपनी नाइट शिफ्ट की ड्यूटी पर तैनात था। गेट पर आने-जाने वालों की जांच करना और सुरक्षा व्यवस्था संभालना उसकी रोजमर्रा की जिम्मेदारी थी। चार साल पहले अपने परिवार के बेहतर भविष्य की तलाश में नेपाल से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पहुंचे तैयब को अंदाजा भी नहीं था कि उस रात आया एक ईमेल उसकी पूरी जिंदगी को हमेशा के लिए बदल देगा। ड्यूटी के दौरान तैयब के फोन पर एक ईमेल आया। पहले तो उसे लगा कि शायद कोई छोटा-मोटा इनाम मिला होगा, लेकिन जैसे ही उसने मेल खोलकर देखा, उसके होश उड़ गए। यूएई लॉटरी के लकी डे ड्रा में उसके ग्रुप ने 30 मिलियन दिर्हम (करीब 70 करोड़ रुपये से अधिक) का ग्रैंड जैकपॉट अपने नाम कर लिया था। यह खबर मिलते ही तैयब की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। तैयब यह विशालकाय रकम अकेले नहीं जीता है। उसने अपने चार नेपाली दोस्तों के साथ मिलकर साल 2024 से नियमित रूप से लॉटरी टिकट खरीदना शुरू किया था।

# पीओके में प्रदर्शन करने वालों पर फायरिंग 100 से अधिक की मौत

**नरसंहार कर रही मुनीर की सेना, सीधे दाग रही गोलियां**

**» इस्लामाबाद, यूटर्न/ 10 जून ।**

पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में इस वक्त हालात बेहद विस्फोटक हो चुके हैं। बुनियादी अधिकारों और आजादी की मांग को लेकर हजारों लोग सड़कों पर हैं, वहीं पाकिस्तानी सेना इस जन-आंदोलन को कुचलने के लिए क्रूरता की सारी हदें पार कर चुकी है। फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की सेना द्वारा निहत्थे नागरिकों पर अंधाधुंध गोलियां बरसाने की भयावह तस्वीरें और वीडियो सामने आ रहे हैं, जिसने वैश्विक समुदाय को झकझोर कर रख दिया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस हिंसा में अब तक 100 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे रावलाकोट के एक दर्दनाक वीडियो में साफ दिख रहा है कि सुरक्षा बल एक निहत्थे नागरिक को घेरकर तब तक गोलियां



मारते रहे, जब तक कि वह पूरी तरह छलनी नहीं हो गया। दमन का आलम यह है कि पाक सेना ने जनाजों तक को नहीं बख्शा और उन पर भी फायरिंग कर दी। हालात को दबाने के लिए प्रशासन ने इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं पूरी तरह ठप कर दी हैं। आंदोलन की अगुवाई कर रही ज्वाइंट आवामी एक्शन कमेटी को आतंकवाद विरोधी कानून के तहत प्रतिबंधित कर इसके नेताओं पर एक करोड़ रुपये तक का इनाम घोषित कर दिया गया है। यह गुस्सा अचानक नहीं भड़का है।

# ईरानी विदेश मंत्री की कड़ी चेतावनी: हर हमले का मुंहतोड़ जवाब देंगे, हमारे इलाके से दूर रहें

**» नई दल्ली, यूटर्न/ 10 जून ।**

ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की धमकी या हमले का ईरान की सेनाएं निर्णायक जवाब देंगी।

ईरान के वदिश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पोस्ट में कहा, ''युद्ध के मैदान में हार के बावजूद, अमेरिका ने हमारे संकल्प की परीक्षा लेने का फैसला किया है। हमारी शक्तिशाली सेनाएं किसी भी हमले या धमकी का मुंहतोड़ जवाब देंगी। अगर आप सुरक्षित रहना चाहते हैं, तो हमारे इलाके से चले जाएं। फारस की खाड़ी का इतिहास घुसपैठ करने वाले बाहरी लोगों के बुरे अंजामों की कई कहानियों से भरा पड़ा है।''

अराघची ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र नहीं है, बल्कि ईरान और ओमान के बीच बंटा हुआ है और यह अमेरिका के तटों से हजारों मील दूर है। समुद्री सीमाएं बिल्कुल स्पष्ट हैं।

उन्होंने कहा कि हमारी शक्तिशाली सेनाएं ईरान के हवाई क्षेत्र, जमीन या जलक्षेत्र के किसी भी उल्लंघन के लिए हमेशा सतर्क रहती हैं। हमारे इलाके के आस-पास मौजूद विदेशी सेनाओं को



हमेशा अपनी मानवीय गलतियों, आम हादसों या दोनों तरफ से होने वाली फायरिंग में फंसने का खतरा बना रहता है। खतरे को कम करने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि विदेशी सेनाएं जल्द से जल्द उस इलाके से हट जाएं, जो दुश्मन की मौजूदगी के लिए कभी भी अनुकूल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि ईरान कूटनीति की भाषा को प्राथमिकता देता है। हालांकि, जैसा कि हमारे बहादुर योद्धाओं ने दुनिया को दिखाया है, हम दूसरी भाषाएं बोलना भी जानते हैं।

ईरानी वदिश मंत्री का यह बयान ईरानी हवाई हमले में अमेरिकी हेलीकॉप्टर अपाचे के मार गिराए जाने का बाद अमेरिका की ओर से जवाबी हमले के बाद आया।

# फिर भड़का युद्धः ईरान ने अमेरिका का एमक्यू 9 किया ध्वस्त

**तेहरान, यूटर्न/ 10 जून ।** मिडिल ईस्ट (मध्य पूर्व) एक बार फिर भीषण युद्ध की आग में झुलस गया है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में अमेरिकी हेलीकॉप्टर पर हुए हमले के बाद अमेरिका की जवाबी कार्रवाई से भड़के ईरान ने अब अमेरिकी नौसेना की सबसे अहम टुकड़ी को निशाना बनाया है। इसमें अमेरिका का एमक्यू 9 ध्वस्त हुआ है। इस आक्रामक पलटवार के साथ ही क्षेत्र में लंबे समय से जारी संघर्ष विराम की चर्चाओं पर पूरी तरह विराम लग गया है। हालांकि, इस पूरे मामले में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे पाकिस्तान की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। ईरानी सेना ने अमेरिका को खुली चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर उसकी दुश्मनी भरी हरकतें तुरंत बंद नहीं हुई, तो आगे इससे भी ज्यादा भयानक और विनाशकारी हमले किए जाएंगे।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *